निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, सोमवार 15 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 29 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



रामगढ़ खदान हादसे के पीड़ितों से मिलते झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी

## झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : वित्त मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन, सुविधाएं और अन्य लाभ देने की दिशा में राज्य सरकार जल्द बड़ा फैसला ले सकती है। रविवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति से 15 जून को होने वाली मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक में सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से सम्मान पेंशन देने का प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार आंदोलनकारियों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अशोक नगर स्थित अपने आवासीय परिसर में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद वित्त मंत्री ने कहा कि आंदोलनकारियों के पुत्र-पुत्रियों एवं



आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की दिशा में भी ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरक्षण लागू करने के दौरान अब तक हुई गड़बड़ियों की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन देने से संबंधित प्रस्ताव का प्रारूप तैयार करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के विभिन्न प्रमंडलों और जिलों के पदाधिकारियों मौजूद रहे। अपनी मांगों और सुझावों को सरकार के समक्ष रखा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानियों के समान राजकीय सम्मान, अलग पहचान, रोजगार और नियोजन की गारंटी मिलनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि आंदोलनकारियों को 50 हजार रुपए मासिक सम्मान पेंशन दी जाए और उनके योगदान को राज्य स्तर पर मान्यता मिले। पुष्कर महतो ने कहा कि राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर किए गए संकल्पों और आश्वासनों का पूर्ण क्रियान्वयन नहीं होने के कारण आंदोलनकारियों की समस्याएं लगातार बढ़ती गई हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य लंबे संघर्षों और लाखों लोगों के बलिदान के बाद अस्तित्व में आया लेकिन आंदोलनकारी आज भी अपेक्षित सम्मान और सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों ने शोषण, दमन और अन्याय का सामना किया है जिसके कारण वे सामाजिक और आर्थिक रूप से हाशिए पर पहुंच गए हैं। राज्य गठन के बाद भी आंदोलनकारी एवं उनके परिवा आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास के पैमानों पर काफी पीछे रह गए हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की कि झारखंड आंदोलनकारियों को न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का अधिकार दिया जाए। इसके साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों की तर्ज पर उन्हें विशेष सुविधाएं, पहचान और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

## शादी से लौटने के क्रम में दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव-जैंतगढ़ मुख्य सड़क पर सिलफोड़ी साप्ताहिक हाट के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। मृतकों की पहचान ओडिशा के मयूरभंज जिले के घाघरबेड़ा थाना अंतर्गत बुरुहातु गांव निवासी 18 वर्षीय हरीश दिग्गी और 19 वर्षीय सोमया दिग्गी के रूप में हुई है। वहीं 18 वर्षीय जादू मनी दिग्गी गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज जारी है। तीनों युवक एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार तीनों युवक मझगांव थाना क्षेत्र के पड़सा गांव स्थित करंजियालाई टोला में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वे बोलेरो वाहन से समारोह स्थल तक पहुंचे थे लेकिन वापसी के दौरान तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान सिलफोड़ी हाट की पुलिया के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से तीनों घायलों को मझगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हरीश दिग्गी और सोमया दिग्गी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल जादू मनी दिग्गी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चंपुआ रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मझगांव थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी धीरज कुमार यादव ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### संक्षिप्त समाचार

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करेंगे माले विधायक

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान से पहले इंडिया ब्लॉक के लिए अच्छी खबर है। सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने रविवार को जानकारी दी कि उनकी पार्टी के दो विधायक 18 जून को होने वाले झारखंड राज्यसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के लिए मतदान करेंगे। दीपांकर भट्टाचार्य ने इसके साथ यह भी कहा कि आगामी राज्यसभा चुनाव में बीजेपी की निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देने की चाल नाकाम होगी।

### बंद खदान में युवक डूबा

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र में एक बंद पड़े पत्थर खदान में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना रविवार को सोनाजोड़ी स्थित खदान में हुई जहां सोलागाढ़ीया के नयापाड़ा गांव निवासी हारुन अंसारी का पुत्र मोहम्मद इमरान अंसारी अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों और आसपास मौजूद लोगों को जब काफी देर तक इमरान नजर नहीं आया, तब उसकी तलाश शुरू की गई।

### पति ने ब्लेड से रेत दिया पत्नी का गला

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भूली ओपी क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बदरू मैदान में बने अलहबीबी मैरेज हॉल में रविवार को पति-पत्नी के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गुस्से में पति शाहबाज उर्फ खैरुल अंसारी ने अपनी पत्नी मेंहदी खातून की गर्दन पर ब्लेड से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

## देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा हुई मजबूत : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर।** नक्सली का रेड कॉरिडोर अब ग्रीन ग्रोथ जोन के रूप में परिवर्तित हो रहा है। देश की आंतरिक सुरक्षा बहुत मजबूत हुई है। यह बात पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने रविवार को प्रेस वार्ता में कही। केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूरा होने पर पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ बाहरी सुरक्षा भी मजबूत हुई है। भारत को विकसित देश की श्रेणी में खड़ा होना है, इस दिशा में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में किसान समेत सभी वर्गों के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया है। भारत का निर्यात 79 लाख करोड़ पहुंच गया है। भारत जैसे देश में यूपीआई का इस्तेमाल 12000 प्रतिशत बढ़ा है। भारत को विकसित बनाने की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं और उन योजनाओं को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने केंद्र सरकार की कई उपलब्धियों को बताया। स्थानीय मामले पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि मंडल डैम को लेकर स्टेज वन की क्लीयरेंस मिल गया है और अब विस्थापितों को मुआवजा दिया जाना है। विभिन्न राजनीतिक दलों में टूट के सवाल पर पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि यह पार्टी के एजेंडा का कोई हिस्सा नहीं है, लोग अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं और कई इलाकों में जनता की नाराजगी को झेलना पड़ रहा है। प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के प्रफुल्ल सिंह, शिवकुमार मिश्रा सांसद के प्रतिनिधि विजय ओझा समेत कई लोग मौजूद थे।

## वज्रपात से 24 घंटे में सात लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं और एक 10 वर्षीय बच्चे समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में दो-दो लोग रांची और गढ़वा जिलों से हैं जबकि अन्य घटनाएं चतरा, गिरिडीह और सरायकेला-खरसावां जिलों में हुईं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में झारखंड के विभिन्न हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत हुई है। पिठौरिया थाना के सब इंस्पेक्टर सत्यदेव प्रसाद ने बताया कि रांची जिले में मृतकों की पहचान बाढ़ू गांव निवासी जीतू महली और कटमकुली गांव निवासी निराशो देवी के रूप में हुई है। दोनों अपने खेतों में काम कर रहे थे तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गढ़वा जिले में भी आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई। मृतकों की पहचान खरौंधी थाना क्षेत्र के सुंडी गांव निवासी रीना देवी और केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी राम अवतार पाल के रूप में हुई है। पुलिस अन्य जिलों में हुई घटनाओं की भी जांच कर रही है। लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम के बीच प्रशासन ने लोगों से खुले स्थानों और खेतों में जाने से बचने की अपील की है।

### पति ने की पत्नी की हत्या

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिरनी प्रखंड अंतर्गत भरकट्टा ओपी क्षेत्र के सिरमाडीह गांव में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक पति का अवैध संबंध था। पत्नी इसपर आपत्ति जताई थी जिससे नाराज पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मृतका का नाम कुलसी देवी है। आरोपी पति का नाम दौलत साव है। हत्या के बाद आरोपी पति खुद ही थाने चला गया और हत्या करने की जानकारी पुलिस को दी।

## दो लोगों का शव मिलने से मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रविवार सुबह राजधानी रांची के धुर्वा और बरियातू थाना क्षेत्रों से दो शव बरामद किए गए हैं। इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों ही थानों की पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। पहला मामला रांची के रिम्स अस्पताल के पास स्थित तालाब का है। तालाब से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरमाद किया गया है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। बरियातू पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने रविवार को सूचना दी कि रिम्स ट्रामा सेंटर के पास स्थित तालाब में एक शव देखा गया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाल लिया। फिलहाल शव की पहचान के लिए सभी थानों को तस्वीर भेजी गई है ताकि अगर कहीं मिसिंग की शिकायत दर्ज हो तो वहां शव की पहचान हो सके। रविवार सुबह ही शव मिलने का दूसरा मामला सामने आया। रांची के जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे स्थित एक पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को शव की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे स्थित पुल के नीचे मिले शव की पहचान हो चुकी है। धुर्वा थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान धुर्वा के रहने वाले मनोरंजन सिंह के रूप में हुई है। मामले में परिजनों के बयान पर केस दर्ज किया जाएगा। फिलहाल पुलिस हत्या और हादसा दोनों ही बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह का भी खुलासा हो पाएगा।

## रांची में 'प्रगति पथ यात्रा' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी के 12 साल पूरे होने और निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे दिनों के कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाने पर बीजेपी खुशी मना रही है। इसी कड़ी में रांची महानगर बीजेपी की ओर से 'प्रगति पथ यात्रा' का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी शामिल हुए। रांची के रातू रोड ओटीसी मैदान से निकली 'प्रगति पथ यात्रा' में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के अलावा विधायक सीपी सिंह, मेयर रौशनी खलखो और झंडे, बैनर और स्लोगन लिखे तख्ती लिए बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं की टोली नारे लगाते हुई नजर आई। यात्रा में पीएम मोदी को अब तक का सबसे सफल प्रधानमंत्री बताया गया है। 'प्रगति पथ यात्रा' में शामिल बीजेपी नेताओं ने वर्तमान केंद्र सरकार के 12 सालों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने वास्तव में सबका साथ-सबका विकास के कॉन्सेप्ट को धरातल पर उतारने का काम किया है। यात्रा के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की




विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का संदेश दिया है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्र की मजबूत इच्छा शक्ति वाली सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश, विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। नक्सलवाद, आतंकवाद का सफाया हुआ है। राष्ट्रीयता की भावना के साथ देश को 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प को गति मिली है। 'प्रगति पथ यात्रा' के दौरान बीजेपी नेताओं ने कहा कि 12 सालों में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं, गरीब कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।



## संक्षिप्त समाचार

### दियारा में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, टॉप-10 वांछित अपराधी गिरफ्तार

**बरारी/कटिहार(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में जिले के मोस्ट वांटेड अपराधियों में शामिल अखिलेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरारी थाना क्षेत्र के बकिया सुखाय दियारा निवासी अखिलेश यादव लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था और जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल था। उसकी गिरफ्तारी को दियारा क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक गिरोहों के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि अखिलेश यादव दियारा क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ की विशेष टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, लेकिन इस बार पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। जांच एजेंसियों के मुताबिक गिरफ्तार अखिलेश यादव कुख्यात पिंटू यादव गिरोह का सक्रिय सदस्य है। दियारा क्षेत्र में रंगदारी, वर्चस्व की लड़ाई और आपराधिक गतिविधियों में उसका नाम लगातार सामने आता रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। वर्ष 2025 में बकिया सुखाय दियारा में वर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी और दहशत फैलाने की घटना में भी उसका नाम सामने आया था। इस मामले में बरारी थाना कांड संख्या 363/2025 दर्ज किया गया था। आरोप है कि गिरोह के सदस्यों ने क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखने के उद्देश्य से फायरिंग की थी और स्थानीय लोगों से रंगदारी की मांग की थी। घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि अखिलेश यादव की गिरफ्तारी से दियारा क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के नेटवर्क को कमजोर करने में मदद मिलेगी। पूछताछ के दौरान उससे गिरोह के अन्य सदस्यों, उनके ठिकानों और हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। गंगा दियारा क्षेत्र में एक समय पिंटू यादव गिरोह और मोहन गिरोह का दबदबा माना जाता था। दोनों गिरोहों के बीच वर्चस्व को लेकर कई बार संघर्ष और गैंगवार की घटनाएं हुई, जिससे इलाके में भय का माहौल बना रहता था। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी। स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से अपराधियों की गतिविधियों के कारण दियारा क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल था। पुलिस की इस कार्रवाई से आम लोगों में राहत और सुरक्षा की भावना बढ़ी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी अभियान जारी है।



### विश्व रक्तदाता दिवस पर आईएएस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन, 190 यूनिट रक्त संग्रहीत

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज आईएएस भवन, पटना के सभागार में आईएएस एसोसिएशन, अन्य ऑल इंडिया सर्विस एसोसिएशनों तथा उनके ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बिहार के मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री प्रभात कुमार गुप्ता, श्री अभय कुमार, श्री सुरेंद्र सिंह, श्री वी.एस. दुबे (सेवानिवृत्त आईएएस), श्रीमती हरजोत कौर (सचिव, क्अर ह्ू५ीर अ२२ङ्ग्३ङ्गल्ल) तथा श्रीमती ऋचा गुप्ता (अध्यक्षा, क्अर ह्ू५ीर अ२२ङ्ग्३ङ्गल्ल) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने कहा कि ह्लरक्तदान जीवनदान है और इससे बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं हो सकता। यह ऐसा मानवीय कार्य है, जो बिना किसी आर्थिक व्यय के किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है। उन्होंने माँ ब्लड सेंटर द्वारा पिछले छह वर्षों से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने अब तक हजारों लोगों तक जीवनरक्षक रक्त पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस सेवाओं के अनेक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। रक्तदान शिविर के तकनीकी संचालन में माँ वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा संचालित माँ ब्लड सेंटर, दरियापुर, पटना ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। श्री दीपक कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा माँ ब्लड सेंटर के श्री मुकेश हिसारिया, श्री जय प्रकाश अमिताभ, श्री संजय तोतला, श्री प्रकाश अग्रवाल, श्री जगजीवन सिंह, श्री मनीष बनेटिया, श्री नरेश अग्रवाल, श्री आलोक अग्रवाल, बबलू जी, श्री सौरभ कुमार, श्री पंकज लाहुरका, श्री शंभू केशरी, श्री सुनील अग्रवाल, श्री कन्हैया अग्रवाल, श्री राजेश बजाज, श्री अरविंद साहू, श्री अरविंद आनंद, श्री अनंत अग्रवाल, श्री मुकेश कांत, श्री विनय बजाज एवं श्री अमरेश अग्रवाल की



सक्रिय देखरेख में शिविर का सफल संचालन किया गया। रक्तदान करने वालों में एडीजी श्री कुंदन कृष्णन, म्युनिसिपल कमिश्नर श्री यशपाल मीणा, डीएफओ पटना श्री पीयूष बरनवाल, आईएफएस श्री एस. चंद्रशेखर, आईएएस श्री संतोष कुमार मल्ल, आईएएस श्री दिवेश सेहरा, आईएएस श्रीमती निशा मणि सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा एवं भारतीय वन सेवा के अनेक अधिकारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त कई पुलिस अधिकारियों, पटना जू के कर्मियों, वन संरक्षण में लगे फॉरेस्ट गार्डों एवं वनपालों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर इस अभियान को सफल बनाया। शिविर में कुल 190 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को सम्मानित भी किया गया। आयोजकों ने इसे मानवता और जनसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### फ्लिपकार्ट पार्सल की अदला-बदली कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना पुलिस ने फ्लिपकार्ट के सामान की अदला-बदली कर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कार, कैमरा, लैपटॉप, मोबाइल समेत बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है। एएसपी अतुलेश झा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 13 जून की शाम करीब 8:30 बजे डेहरी और सासाराम की फ्लिपकार्ट टीम तीन संदिग्ध व्यक्तियों को कुछ पार्सलयुक्त सामान के साथ डेहरी नगर थाना लेकर पहुंची। इनमें दो व्यक्ति फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत थे, जबकि तीसरा व्यक्ति प्राप्त सामान की डुप्लीकेट वस्तुएं तैयार करने का काम करता था। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर तीनों ने खुलासा किया कि गिरोह का संचालन समस्तीपुर जिले के रहने वाले सत्यकाम उर्फ किशु और अमर राजा द्वारा किया जा रहा था। दोनों ने उन्हें 40 हजार रुपये प्रतिमाह का लालच देकर इस अवैध धंधे में शामिल किया था। आरोपितों ने बताया कि महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामानों की डिलीवरी के दौरान असली सामान निकालकर उसकी जगह नकली अथवा कम मूल्य की वस्तुएं रख दी जाती थीं।

## नव दंपत्ति प्रबोधन कार्यक्रम में संस्कारित परिवार निर्माण पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** अखिल भारतीय संगठन कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के तत्वावधान में रविवार को विवाह भवन, झंडा मैदान के सामने स्थित परिसर में "नव दंपत्ति प्रबोधन कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवविवाहित दंपत्तियों को भारतीय परिवार व्यवस्था, दांपत्य जीवन के आदर्शों, पारिवारिक उत्तरदायित्वों तथा संस्कारित परिवार निर्माण के प्रति जागरूक करना था कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के क्षेत्रीय गटप्रमुख सुनील बरनवाल ने कहा कि सुदृढ़ एवं संस्कारित परिवार ही सशक्त समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने अपने संबोधन में पारिवारिक मूल्यों, आपसी समन्वय और दांपत्य जीवन की गरिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुबोध कुमार सिंह, ज्ञान चंद्र मेहता, प्रकाश सेठ तथा विजय कुमार जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की सफल यात्रा, पारिवारिक समरसता, सामाजिक उत्तरदायित्व और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के विषय में प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय कुटुंब प्रबोधन गतिविधि की प्रांत टोली सदस्य पूनम बरनवाल ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, नव दंपत्तियों एवं उपस्थित नागरिकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नव दंपत्तियों ने भाग लिया और परिवार निर्माण, वैवाहिक जीवन के विभिन्न आयामों तथा सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। अंत में अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## खंडोली में बिना लाइसेंस बोट संचालन पर रोक, सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मानसून के दौरान जलस्तर बढ़ने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से खंडोली पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार के निर्देश पर बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह ने बिना लाइसेंस बोट संचालन पर रोक लगा दी है तथा सभी बोट अनिवार्य कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि खराब मौसम, तेज हवा या बारिश के दौरान किसी भी परिस्थिति में बोटिंग नहीं कराई जाएगी। जलाशय में बोटिंग के दौरान स्टंट, करतब या किसी भी प्रकार की जोखिमपूर्ण गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी गौरतलब है कि खंडोली



संचालकों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है शनिवार शाम थाना प्रभारी ने खंडोली के लीजधारक प्रमोद कुमार एवं बोट संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में मानसून के दौरान जलाशय का जलस्तर बढ़ने और मौसम के अचानक खराब होने की संभावना को देखते हुए बोटिंग संचालन में विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया गया थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि केवल वैध लाइसेंसधारी एवं अनुभवी व्यक्ति ही बोट का संचालन करेंगे। बिना लाइसेंस किसी भी व्यक्ति को बोटिंग कराने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही प्रत्येक पर्यटक के लिए लाइफ जैकेट पहनना पर्यटन स्थल जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल है, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी पर्यटक नौका विहार और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचते हैं। मानसून के आगमन के साथ जलाशय का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें, प्रशासन के निर्देशों का सम्मान करें और सुरक्षित पर्यटन का आनंद लेते हुए सकुशल अपने घर लौटें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## केंद्रीय चयन पर्षद की लिखित परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा विभिन्न विज्ञापनों के अंतर्गत रविवार को आयोजित लिखित परीक्षा-2026 जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की गई थी। जिले के 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 7320 परीक्षार्थियों में से 2460 उपस्थित हुए, जबकि 4860 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 7320 में से 2552 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 4768



अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक अररिया श्री जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल अररिया, प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल अररिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित केंद्राधीक्षकों, स्टैटिक दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा कार्य से जुड़े अन्य अधिकारियों ने सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वहीं जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों का भी निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि अररिया जिला आने-जाने का प्रमुख साधन रेल मार्ग है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के आगमन तथा परीक्षा समाप्ति के बाद एक ही समय में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के रेलवे स्टेशनों पर एकत्र होने की संभावना को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है।

## रेलवे स्टेशन के पीछे मार्केट में चोरों का आतंक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित ओझा मार्केट में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से दुकानदारों में भय का माहौल है। पिछले तीन दिनों के दौरान अज्ञात चोरों ने बाजार की कई दुकानों को निशाना बनाया है। ताजा घटना शनिवार देर रात की है, जब चोरों ने एक किराना दुकान से करीब 50 हजार रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार प्रताप चंद्र साह ने बताया कि चोर दुकान के पीछे से पहुंचे और ऊपर लगी टीन की छत काटकर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद सरसों तेल, फॉर्च्यून तेल की पेटियां, चावल सहित अन्य किराना सामान चोरी कर फरार हो गए। रविवार सुबह दुकान खोलने पर घटना की जानकारी मिली। प्रताप चंद्र साह ने बताया कि इससे पहले भी श्रवण साह की दुकान में चोरी हुई थी।लेकिन उस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। इस घटना को लेकर उन्होंने मनिहारी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से बाजार के दुकानदारों में नाराजगी है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## श्री आरके महिला कॉलेज में निःशुल्क योग क्लास की 10वीं वर्षगांठ मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** श्री आरके महिला कॉलेज में संचालित निःशुल्क योग क्लास के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति ने बताया कि निष्काम सेवा साधना के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रातःकालीन बेला में योगाभ्यास के साथ पांच कुंडीय यज्ञ-हवन आयोजित कर 10वीं वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनाई गई इस अवसर पर यज्ञ विज्ञान के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों को प्रतिदिन एक घंटा योग करने तथा नियमित रूप से गायत्री मंत्र का जप एवं उपासना करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, गीत-संगीत का भी आयोजन



किया गया, जिसका सभी ने आनंद उठाया नियमित रूप से योग क्लास में भाग लेने वाले साधकों को प्रोत्साहन स्वरूप पतंजलि के स्वदेशी उत्पाद देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रथम स्थान पर रेखा तर्वे, सहयोगी शिक्षिका लक्ष्मी छाया एवं माला बनर्जी रहीं। द्वितीय स्थान रेखा सिन्हा, मंजू प्रसाद और मृदुला सिन्हा को प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान आशा चौरसिया, सुनीता घोष और प्रमिला सिन्हा ने हासिल किया कार्यक्रम में गायत्री परिवार की ओर से सहदेव प्रसाद कुशवाहा द्वारा युग साहित्य का पुस्तक स्टॉल भी लगाया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में लोग मोबाइल पर अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं और साहित्य अध्ययन से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में युग साहित्य के माध्यम से लोगों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करना सराहनीय पहल है पूरे कार्यक्रम का संचालन योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति ने किया, जबकि बिंदु देवी एवं प्रकाश राम ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रीति सिन्हा, सीमा लाल, सुपर्णा मुखर्जी, डॉ. आरती वर्मा, पुष्पलता त्रिवेदी, आशा त्रिवेदी, आशा सिन्हा, माया घोष, काकोली चक्रवर्ती, शिवानी कुमारी, प्रियंका शक्ति, जुम्मा चौधरी, जोशी कुमारी, मिनी सिंह, मीरा बरनवाल, बिंदु देवी, सुचित्रा देवी, ममता कांधवे, पिंकी खेतान, बेबी देवी, रश्मि देवी, ऊषा बरनवाल, रूबी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बरवाडीह पंचायत में कांग्रेस का बीएलए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरिया प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह पंचायत में कांग्रेस पार्टी की ओर से बीएलए बूथ लिवेल एजेंट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केड़िया मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित बीएलए एवं कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी अपने संबोधन में सतीश केड़िया ने कहा कि बीएलए की भूमिका लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए। उन्होंने नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत व्यक्तियों एवं स्थायी रूप से क्षेत्र छोड़ चुके लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता एसआईआर अभियान के दौरान पूरी सतर्कता के साथ कार्य करेंगे तथा बूथ स्तर पर होने वाली गतिविधियों और संबंधित सरकारी कर्मियों के कार्यों पर भी नजर रखेंगे, ताकि मतदाता सूची का कार्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिनंदन प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव दिलावर अंसारी, मंडल अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद सिंह, सोनी देवी, शांति कुमारी, प्रतिमा देवी, रिंकी देवी, महेश दास, भुनेश्वर दास, बृजेंद्र यादव, गोपाल यादव, ओम प्रकाश सिंह, विक्की जैन, सचिन जैन, मोहम्मद कमरुद्दीन, लक्ष्मण यादव, सादिक मियां, महेंद्र रविदास, गुलाम जिलानी, सतनारायण मंडल, ताजुद्दीन अंसारी, निसार अंसारी, मंजूर हुसैन, मोहम्मद इस्माइल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद ने बॉक्सिंग चैंपियन आर्यन को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** सांसद तारिक अनवर ने रविवार को कदवा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर विकास योजनाओं का उद्घाटन किया तथा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत उन्होंने सबसे पहले डंडखोरा प्रखंड की सौरिया पंचायत स्थित शेखपुरा गांव पहुंचकर जिला बॉक्सिंग चैंपियन आर्यन कुमार को सम्मानित किया।सांसद ने आर्यन की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी जिले और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित



किया।इसके बाद सांसद ने डंडखोरा प्रखंड के बौरनी तथा डंडखोरा चर्च के समीप सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से निर्मित हाई मास्ट टावर लाइट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था से लोगों को सुविधा मिलेगी और सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। दौरे के अंतिम चरण में सांसद कदवा प्रखंड की कंटिया पंचायत स्थित सोनैली हाट पहुंचे। जहां शिव मंदिर परिसर में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। सांसद तारिक अनवर ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और खेल के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास के बल पर विकास की यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी।

## 'लेख्य-मंजूषा' के तत्त्वावधान में आयोजित हुई कथा-संगोष्ठी, काव्य-संकलन 'विह्वल हृदय' धारा का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कथा-कहानी सहस्त्राब्दियों से मानव-मन को प्रेरणा देती आयी है। बाल-मन पर इसका सबसे गहरा प्रभाव होता है। अनेक महापुरुषों और महादेवियों को अपनी नानी-दादी से सुनी कहानियों ने मानसिक-बाल प्रदानकया तथा उनमे सद्गुणों का विकास किया। कहानियाँ वैसी ही गढ़ी जानी चाहिए जो मन का रंजन करते हुए, समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। इसे अपनी कुंठा निकालने अथवा समाज को खंडित करने वाले नकारात्मक विचारों के संप्रेषण का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। साहित्यकारों का कर्तव्य समाज के दोषों को दूर कर, उसे मांगलिक बनाना है। विश्व को सुंदर




बनाने वाली रचनाएँ ही बड़ी कही जा सकती हैं। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में साहित्यिक संस्था 'लेख्य-मंजूषा', पटना तत्त्वावधान में आयोजित हुए साहित्योत्सव का उद्घाटन करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि कथा-साहित्य में लघु-कथा विधा बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसमें अत्यंत सूक्ष्मता से अत्यंत गहरा प्रभाव उत्पन्न करने की शक्ति है। नव-लेखकों को इसकी मयार्दा, इसकी सूक्ष्मता और संक्षेपण का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसमें वर्णन और विस्तार के लिए स्थान नही होता। लघुता, सूक्ष्मता और संक्षेपण में ही इसका सौंदय और बल है। डा सुलभ ने इस अवसर पर लेख्य-मंजूषा की ओर से संस्था की अध्यक्ष विभारानी श्रीवास्तव के सम्पादन में प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'साहित्यिक स्पंदन' के १० वे वर्ष के ३८ वें अंक तथा साझा काव्य-संग्रह 'विह्वल हृदय धारा' का लोकार्पण भी किया। उद्घाटन-सत्र के पश्चात कहानी-सत्र आरंभ हुआ, जिसमें वरिष्ठ लेखक डा ध्रुव कुमार तथा डा अनीता राकेश ने अपने विचार रखे। इसकी शुरूआत महाराष्ट्र की लेखिका नीना मन्दिलवार और प्रियंका श्रीवास्तव 'शुभ्र' ने कहानी के तत्त्वों पर प्रश्नों के साथ की। इस सत्र में डा प्रमोद कुमार ने समीक्षात्मक आलेख पढ़े तथा डा ऋचा वर्मा और रंजना सिंह ने डा सतीश राज पुष्करणा की लघुकथा 'विश्वास' पर अपनी-अपनी समीक्षा का पाठ किया। इस सत्र में नूतन सिन्हा ने अपने 'संस्मरण' का पाठ किया। दूसरा सत्र लघुकथा-पाठ का था, जिसमें मधुरेश नारायण ने 'क्रूर इंतजार', डा उषा सिंह ने 'थप्पड़', पूनम कतरियार ने 'मारीच', आशा रघुदेव ने 'भरोसे की उम्र', सागरिका राय ने 'कबाड़', अमृता सिन्हा ने 'दैत्य का दर्जा', डा शशि भूषण सिंह ने 'यह भी देश सेवा', प्रो सुनील कुमार उपाध्याय ने 'समय का फेर', एम के मधु ने 'अपशकुनह्व, किलकारी के छात्र सुमन कुमार ने 'टूटे चाँद के बहाने', खुशी कुमारी ने 'अंदर का युद्ध', अतुल राय ने 'दरारें भरती नहीं', अनुराग कुमार ने 'भँवर' शीर्षक से लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन विभारानी श्रीवास्तव ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन रवि भूषण श्रीवास्तव ने किया।

# रांची, हजारीबाग, कोडरमा और गोड्डा में लोगों ने लिया रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग/रांची/कोडरमा/गोड्डा।** रक्तदान को बढ़ावा देने और स्वैच्छिक रक्तदाता को सम्मान देने के लिए 14 जून को दुनियाभर में 'विश्व रक्तदाता दिवस' मनाया गया। रक्तदान के प्रति युवा पीढ़ी में तेजी से उत्साह बढ़ रहा है। युवा इसे केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि उत्सव के रूप में देख रहे हैं। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में पहली बार रक्तदान करने वालों की सहभागिता अधिक देखने को



मिली। युवा सुबह 10:00 बजे कैंप शुरुआत होने के साथ ही रक्तदान करने के लिए पहुंचते हुए देखे गए।युवाओं का कहना है कि रक्तदान शिविर नहीं यह उत्सव है। जिसे हर एक शख्स को मनाना चाहिए। एक व्यक्ति रक्तदान करता है तो उस रक्त से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसके साथ ही रक्तदान करने से रक्तदाता स्वस्थ रहते हैं। इस कारण हर एक व्यक्ति जो सक्षम है, उसे रक्तदान करना चाहिए। युवाओं का यह भी कहना है कि यह बेहद खुशी की बात होती है कि हमारे रक्त से किसी की जान बच जाए। यही कारण है कि रक्तदान महादान है। रक्तदान शिविर को जीवन बचाने के उत्सव के रूप में युवा देख रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलने और नुक्कड़ नाटकों जैसे आयोजनों से अधिक से अधिक कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र आगे आ रहे हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह बहुत खुशी की बात है कि हजारीबाग की नई पीढ़ी रक्तदान करने के लिए आगे आ रही है। युवा वर्ग में रक्तदान से जुड़े पुराने अंधविश्वास और डर अब पूरी तरह खत्म हो रहे हैं। यह एक बड़ा परिवर्तन कहा जाएगा। युवा समझ रहे हैं कि उनके रक्त से किसी की जान बच सकती है।

# उन्नत बीजों से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स की पहल

**नई पीढ़ी के हाइब्रिड व रिसर्च बीज लॉन्च, बेहतर उत्पादन का दावा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने रांची में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान नई पीढ़ी के हाइब्रिड, रिसर्च तथा सब्जियों के उन्नत बीजों को बाजार में उतारा। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कंपनी ने हाइब्रिड सीड सेगमेंट में धान की दो नई किस्में श्रीराम 470 एवं श्रीराम 735 लॉन्च कीं। वहीं, रिसर्च सीड सेगमेंट के अंतर्गत श्रीराम सुपर 7733 और श्रीराम सुपर 7700 को किसानों के लिए उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त, सब्जी बीज श्रेणी में अर्ली पिकिंग हाइब्रिड टमाटर श्रीराम 2628 को भी पेश किया गया, जिसे बेहतर गुणवत्ता और अधिक उपज देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस अवसर पर श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड संजय छाबड़ा ने कहा कि कंपनी किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, फसल सुरक्षा तथा पोषण संबंधी समाधान पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग से किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी खेती अधिक लाभकारी और टिकाऊ बन सकेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कंपनी द्वारा प्रस्तुत नई किस्मों से किसानों को उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनने में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र में नवाचार और किसानों की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दोहराया गया।

# रांची के पांच केंद्रों पर जेईटी-2024 संपन्न, तीन हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 रविवार को रांची के 5 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा में करीब तीन हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही तथा सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के सफल संचालन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची जिला प्रशासन ने पहले से ही विशेष तैयारी कर रखी थी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार रजत द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई थी। यह आदेश सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक प्रभावी रहा। निषेधाज्ञा के तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लेकर चलने तथा



किसी प्रकार की सभा या बैठक आयोजित करने पर रोक लगाई गई थी। प्रशासन का मकसद परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना था। रांची के जिन पांच केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी, उनमें संत पॉल्स कॉलेज, चर्च रोड, संत जॉन्स हाई स्कूल, करबला टैंक रोड, रामटहल चौधरी हाई स्कूल (हिंदी माध्यम), बुटी, संत मार्गरेट्स गर्ल्स हाई स्कूल, बहू बाजार तथा संत एन्स इंटरमीडिएट कॉलेज, पुरुलिया रोड शामिल थे।

# सड़क हादसे में मेदिनीनगर के पांच लोगों की मौत से शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** उत्तर प्रदेश में हुए भीषण सड़क हादसे में शहर के पांच लोगों की मौत के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। सभी लोग किछौछा शरीफ से लौट रहे थे, तभी उनकी कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार देर रात मृतकों के शव उनके आवास पहुंचे तो परिजनों के बीच कोहराम मच गया। रविवार सुबह चार मृतकों को पुलिस लाइन रोड स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य समुदायों के लोगों ने भी पहुंचकर अंतिम विदाई दी।

# झारखंड में मानसून के आगमन के साथ सक्रिय हुआ कृषि महकमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** 12 जून को संथाल परगना के रास्ते झारखंड में मानसून दस्तक दे चुका है। मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार जल्द ही यह पूरे राज्य को कवर कर लेगा। ऐसे में राज्य का कृषि विभाग भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कृषि निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने राज्य के सभी जिलों के जिला कृषि पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि अन्नदाता किसानों को समय पर बीज उपलब्ध हो और निजी बीज विक्रेता किसी भी स्थिति में किसानों से बीज के ज्यादा कीमत न वसूले।

**इस बार बीज वितरण में हुई है थोड़ी देरी**

राज्य के कृषि निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने माना कि इस वर्ष कुछ कारणों से बीज क्रय का टेंडर फाइनल नहीं हो सका था। इस वजह से बीज वितरण में कुछ विलंब हुआ है, लेकिन अब सरकारी अनुदान पर मिलने वाला बीज समय पर सभी जिलों में उपलब्ध हो जाए और किसानों को चिंता न हो इसके लिए सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

**45000 क्विंटल बीज आपूर्ति का निर्देश**

कृषि निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने बताया कि भारत सरकार की कंपनी नेशनल सीड कॉरपोरेशन और एचआईएल इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को धान के बीज आपूर्ति का निर्देश दिया गया है। किसानों के लिए कुल 45 हजार क्विंटल बीज आपूर्ति का आदेश इस बार दिया गया है। इसमें 33000 क्विंटल नॉन हाईब्रिड एवं 12000 क्विंटल हाईब्रिड बीज आपूर्ति का आदेश है। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ उत्तराखंड सीड्स एंड तराई डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को दलहन और तिलहन के बीज आपूर्ति का आदेश L-1 के आधार पर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिलों से प्राप्त मांग के अनुसार समानुपातिक रूप से बीज आपूर्ति के साथ-साथ इस बात की भी निगरानी करने का आदेश सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को दिया गया है कि बीज सही किसान तक और सही मात्रा में पहुंचें। उन्होंने बताया कि तय मानक के अनुसार किसानों को 50 प्रतिशत और 100 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संथाल क्षेत्र में सबसे पहले धान रोपनी होती है। इसलिए विभाग सबसे पहले संथाल क्षेत्र से ही बीज वितरण का काम 15 जून यानी सोमवार से शुरू करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को अविलंब बीज वितरण का निर्देश दिया गया है और बुआई के बाद खेतों की जियो टैगिंग भी होगी।

कृषि निदेशक ने कहा कि बीजों के वितरण की समुचित निगरानी भी की जाएगी। इसके लिए ब्लॉक चैन के माध्यम से बीज वितरण किया जाएगा। सभी डीएओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिस किसान को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, उनके खेत में बुआई भी सुनिश्चित करें, इसकी निगरानी की जिम्मेवारी भी DAO की ही है। किसी भी किसान को जोत (खेती के लायक जमीन) से अधिक बीज नहीं दिया जाए। साथ ही बीज लेने के बाद किसान ने बुआई की है या नहीं इसकी वास्तविकता जांच के लिए खेतों की जिओ टैगिंग भी इस बार 100 फीसदी सुनिश्चित की जाए।

# रोमांचक मुकाबले में जमशेदपुर स्टीलर्स ने रांची टाइटंस को दी मात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड टी20 क्रिकेट लीग 2026 में रविवार को खेले गए एक रोमांचक और कम स्कोर वाले मुकाबले में जमशेदपुर स्टीलर्स ने रांची टाइटंस को तीन विकेट से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मैच में स्टीलर्स ने 13 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रांची टाइटंस की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने दूसरे ओवर की समाप्ति तक मात्र पांच रन के स्कोर पर अपने तीन महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। शुरुआती झटकों के बाद बल्लेबाज सत्य सेतु ने पारी को संभालने का प्रयास किया और 34 गेंदों पर 39 रन





की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वहीं कप्तान राजदीप सिंह ने भी जिम्मेदारी निभाते हुए 20 गेंदों में 30 रन बनाए। हालांकि इन दोनों बल्लेबाजों के प्रयासों के बावजूद रांची टाइटंस की टीम कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना सकी। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे, जिससे टीम बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच पाई। अंततः रांची टाइटंस की पूरी टीम अपनी पारी की आखिरी गेंद पर 119 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जमशेदपुर स्टीलर्स की ओर से गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतीक रंजन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 11 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि हर्ष राणा ने 19 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इसके अलावा साहिल राज ने 23 रन देकर दो विकेट और अमन कुमार सिंह ने 28 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। स्टीलर्स के गेंदबाजों ने शुरू से ही दबाव बनाए रखा, जिसका फायदा टीम को मिला। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर स्टीलर्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने पहले दो ओवरों के भीतर ही अपने दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद कुमार देवब्रत और आदर्श गिरी ने टीम की पारी को संभालते हुए 27-27 रन का योगदान दिया। दोनों बल्लेबाजों ने मध्यक्रम में उपयोगी पारियां खेलकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

# अवैध बालू उत्खनन से जर्जर हुआ मुरहू का पुल, बचाने के लिए आगे आईं महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** विकास के दावों के बीच जमीनी हकीकत बयां करती एक चिंताजनक तस्वीर मुरहू प्रखंड के गनालोया गांव से सामने आई है। यहां नदी पर बना मुख्य पुल अवैध बालू उत्खनन और भारी वाहनों के लगातार परिवहन के कारण पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। पुल के खंभों के नीचे से अनियंत्रित तरीके से बालू निकालने की वजह से इसकी नींव कमजोर हो गई है, जिससे यह पुल कभी भी भरभराकर गिर सकता है।



**महिलाओं में आक्रोश**

गांव की ग्रामीण महिलाओं ने इस स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे कई बार स्थानीय विधायक, संबंधित मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट चुकी हैं। लिखित और मौखिक शिकायतें देने के बावजूद भी आज तक अवैध बालू माफियाओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। महिलाओं का आरोप है कि प्रशासन को खबर होने के बाद भी केवल खानापूर्ति की जाती है और मिलीभगत के कारण ट्रैक्टरों को छोड़ दिया जाता है। प्रशासनिक उदासीनता से तंग आकर अब गनालोया गांव की महिलाओं ने खुद इस पुल को बचाने का बीड़ा उठाया है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि वे एकजुट होकर पुल बचाओ अभियान चलाएंगी और किसी भी कीमत पर नदी से अवैध बालू का उठाव नहीं होने देंगी।

# नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी को मिला जीआई टैग, बुनकरों को मिलेगा वैश्विक पहचान का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक और हस्तशिल्प विरासत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से राज्य के तीन पारंपरिक उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया गया है। इनमें नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी साड़ी एवं फैब्रिक, गया का पथरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पारंपरिक पीढ़िया पेंटिंग शामिल हैं। चेन्नई स्थित जीआई रजिस्ट्री द्वारा दी गई इस मान्यता के बाद इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान एवं कानूनी संरक्षण प्राप्त हो गया है। इस उपलब्धि में वाराणसी स्थित ह्यूमन



वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके तकनीकी मार्गदर्शन में नाबार्ड और स्थानीय उत्पादक समूहों ने आवश्यक दस्तावेजीकरण प्रक्रिया पूरी की। नालंदा की बावन बूटी कला बिहार की प्राचीन बुनकरी परंपरा का अनूठा उदाहरण मानी जाती है। इस कला में हाथकरघे के माध्यम से कपड़े पर अत्यंत बारीकी से 52 प्रकार के पारंपरिक बौद्ध एवं सांस्कृतिक प्रतीकों की आकृतियां बुनी जाती हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'बूटी' कहा जाता है। नालंदा जिले का बसवन बिगहा और आसपास का क्षेत्र इस कला का प्रमुख केंद्र है। यहां कई पीढ़ियों से बुनकर परिवार इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित और विकसित करते आ रहे हैं। बावन बूटी साड़ियों और वस्त्रों की पहचान उनकी विशिष्ट डिजाइन, कलात्मकता और सांस्कृतिक महत्व के कारण देश-विदेश में रही है। जीआई टैग मिलने के बाद अब बावन बूटी उत्पादों की नकली नकल पर रोक लगेगी तथा इस कला से जुड़े बुनकरों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य और व्यापक बाजार उपलब्ध हो सकेगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों की आय बढ़ेगी, बल्कि नालंदा की इस ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक पहचान भी मिलेगी।

# सिपाही भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के कुल 18 परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं



प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा एवं ज्ञान भारती, नवादा परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। जिला पदाधिकारी ने केन्द्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, तलाशी व्यवस्था एवं परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, संबंधित केन्द्राधीक्षक, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने विकास कार्यों को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास की नई गति प्राप्त की है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक कार्य हुए हैं, जिनका लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि देश को तीव्र विकास के पथ पर अग्रसर करना, करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना, लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालना तथा भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाना प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। प्रेस वार्ता के दौरान पाटलिपुत्र स्टेशन पर छात्रों के प्रदर्शन और हंगामे के मुद्दे पर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष छात्रों को गुमराह कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास जनहित के मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह छात्रों की आड़ में सरकार को बदनाम करने तथा बिहार की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के बहकावे में न आएं और अपनी समस्याओं एवं मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य, रोजगार सृजन और बिहार के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार छात्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनके समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, राजू माहुरी, आईटी सेल संयोजक अमित शान, अनुग्रह नारायण, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, डॉ. रेणु देवी, धीरज पाठक, गोपाल सिंह, राजीव कुमार सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मलमास मेला के अंतिम चरण में हाई अलर्ट, दो सौ से अधिक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। 17 मई से शुरू हुआ आस्था का यह महापर्व 15 जून को संपन्न होगा। मेले के अंतिम चरण में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए नालंदा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ कर दिया है। अंतिम शाही स्नान के बाद उमड़ी भारी भीड़ के मद्देनजर मेला क्षेत्र में तीन हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों की तैनाती की गई है। पुलिस बल चौबीसों घंटे विभिन्न स्थलों पर मुस्तैद रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित कर रहा है। मेला क्षेत्र में चोरी, छिनतई और जेबकतरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सादे लिबास में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। पुलिस के अनुसार मेले की शुरुआत से अब तक चोरी के 11 मामलों का सफल उद्भेदन किया गया है। वहीं छिनतई के दो मामलों में अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा मारपीट और शांति भंग करने के चार मामलों में भी आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। मेला क्षेत्र में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न प्रवेश द्वारों, होटलों, धर्मशालाओं और अन्य स्थानों पर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की जा रही है। पुलिस ने अब तक 186 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार कर मद्य निषेध कानून के तहत कार्रवाई की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। पूरे मेला क्षेत्र में सैकड़ों हाई डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से लगातार की जा रही है। साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से भीड़ और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मेला थाना प्रभारी जितेंद्र राम के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार सक्रिय है। पुलिस न केवल अपराध नियंत्रण में लगी है, बल्कि खोए हुए बच्चों को परिजनों से मिलाने, बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सहायता करने और जरूरतमंदों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि विभिन्न आपराधिक एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त 200 से अधिक लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें। मलमास मेला के समापन को देखते हुए प्रशासन ने विशेष क्राउड मैनेजमेंट योजना तैयार की है। राजगीर आने-जाने वाले प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है तथा पार्किंग व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र अधिष्ठापन कार्य का शुभारंभ





**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1,512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र की 1,278 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि नवादा जिले में कुल 5,535 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र का अधिष्ठापन किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक, गोविंदपुर विधायक, हिसुआ, उप विकास आयुक्त, गोपनीय शाखा प्रभारी के साथ अन्य पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित थे।

# पटना में जुटे देश के हृदय रोग विशेषज्ञ

## नई तकनीक पर हुई विशेष चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** तकनीकी प्रगति ने चिकित्सा क्षेत्र को क्रांतिकारी बना दिया है। कैथेटर आधारित नवीन इंटरवेंशनल तकनीकों के आने से अब अधिकांश मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ती। जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज अब कैथ लैब में ही संभव हो गया है। उक्त बातें कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के बिहार चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने कही। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में हृदय रोगियों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है और आज दुनिया के लगभग 30 से 40 प्रतिशत हृदय रोगी भारत में हैं।

इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. चटर्जी ने कहा कि बिहार में इस स्तर के सम्मेलन का आयोजन यह दशार्ता है कि यहाँ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी की सुविधाएं तेजी से बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में यदि मरीज को गोल्डन ऑवर के भीतर प्राथमिक एंजियोप्लास्टी और स्टेंट की सुविधा मिल जाए, तो न केवल मरीज की जान बचती है बल्कि हार्ट भी पहले की तरह मजबूत रहता है।

कोच्चि से आए देश के विख्यात पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कृष्ण कुमार आर ने बताया कि इंटरवेंशन और कैथ लैब तकनीक की मदद से बच्चों के दिल में छेद होना या मुख्य नलियों का उल्टा होने जैसी जटिल संरचनात्मक गड़बड़ियों का इलाज भी अब बिना किसी चीर-फाड़ के, आधुनिक उपकरणों के जरिए आसानी से किया जा रहा है।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि डॉक्टरों का समाज के प्रति यह दायित्व है कि वे आपात स्थितियों के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहें। राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में 24 घंटे कैथ लैब सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया बिहार चैप्टर और बिहार सरकार मिलकर प्रयास कर रहे हैं, जिसके तहत कई नए केंद्र खोले जा रहे हैं।

सम्मेलन के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. शाहीन अहमद के नेतृत्व में वैज्ञानिक सत्र दोके दौरान कई गंभीर और आधुनिक विषयों पर विशेषज्ञों ने परिचर्चा की। इस मौके पर चंडीगढ़ के डॉ. राजेश विजयवर्गीय ने बताया कि इन तकनीकों की मदद से बुजुर्गों, डायबिटीज या किडनी के गंभीर मरीजों में बिना ओपन हार्ट सर्जरी के कैथेटर के जरिए ही सफलतापूर्वक हार्ट वाल्व बदला जा रहा है।

कोलकाता के डॉ. देवब्रत भट्टाचार्य ने लाइव अल्ट्रासाउंड तकनीक के माध्यम से कोरोनरी आर्टरी में जमे कठिन कैल्शियम और ब्लॉकेज के सटीक इलाज की प्रक्रिया समझाई। इस विषय पर रांची के डॉ. विनीत कुमार, हैदराबाद के डॉ. शरद रेड्डी, रायपुर के डॉ. गौरव त्रिपाठी और पटना के डॉ. अद्वैत आकाश ने विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर राज्य के कई वरिष्ठ चिकित्सक जैसे डॉ. यू.सी. सामल, डॉ. बी.पी. सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अजीत प्रधान, डॉ. प्रवीर सिन्हा, डॉ. वी.पी. सिन्हा, डॉ. निशान्त त्रिपाठी, डॉ. यू.एन. सिंह एवं डॉ. अभिनव भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ट्रक-टेम्पो की टक्कर में महिला सहित तीन की मौत

- घटना में सात जख्मी, सभी इलाजरत
- राजगीर से लौटते समय हुआ हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के छबीलापुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। राजगीर से मलमास मेला देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरे टेंपो और एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। साइडपर स्थित के.के. पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप हुए इस भीषण हादसे में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में एक नालंदा और दो गया जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। टेंपो में सवार सभी लोग राजगीर में चल रहे राजकीय मलमास मेले में कुंड स्नान और पूजा-अर्चना कर अपने पैतृक गांव कोचरा लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता छबीलापुर थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान कर ली गई है। मृतकों में नालंदा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के कोचरा गांव निवासी 25 वर्षीय गुड्डू कुमार, गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र के गन्नू बीघा गांव निवासी 60 वर्षीय रानी देवी तथा गन्नू बीघा गांव की ही 6 वर्षीय शिवानी कुमारी शामिल हैं।

घायलों में गन्नू बीघा निवासी 32 वर्षीय पूजा कुमारी, 3 वर्षीय अंकुश कुमार और 35 वर्षीय राजकिशोर रविदास शामिल हैं। वहीं कोचरा गांव निवासी 19 वर्षीय गौरी कुमारी, 10 वर्षीय चंद्रमुखी कुमारी, 7 वर्षीय चांदो कुमारी एवं 55 वर्षीय झयमुन्नी देवी भी घायल हुई हैं। सभी का इलाज जारी है।

# रांची में डीप बोरिंग पर लगाम के लिए सख्त नियम

## लेना होगा एनओसी, जमा करना होगा शुल्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में लगातार गिरते भू-जल स्तर और अवैध डीप बोरिंग की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए रांची नगर निगम ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। अब नगर निगम क्षेत्र में नया बोरिंग कराने से पहले संबंधित व्यक्ति को निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए पांच हजार रुपये का शुल्क भी जमा करना पड़ेगा।

नगर निगम प्रशासन ने रांची रिग ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया कि बिना निगम की अनुमति के किसी भी स्थान पर बोरिंग नहीं कराया जा सकेगा। निगम के अनुसार वर्तमान में शहर में केवल 207 रिग मशीनें ही वैध रूप से पंजीकृत हैं, जबकि कई स्थानों पर बिना अनुमति बोरिंग कराए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इससे भू-गर्भ जल स्तर पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और कई इलाकों में पुराने बोरिंग फेल हो रहे हैं।

नगर निगम ने कहा है कि जब तक आवेदक पांच हजार रुपये का शुल्क जमा कर एनओसी प्राप्त नहीं करेगा, तब तक उसके घर या परिसर में बोरिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले बोरिंग संचालकों के लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं तथा उनकी मशीनों और वाहनों को जब्त किया जा सकता है।

अवैध बोरिंग गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए निगम की रात्रि प्रवर्तन टीमों को विशेष निगरानी का निर्देश दिया गया है। खासकर रात के समय संचालित होने वाली अवैध बोरिंग पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेट हाइवे से युवक की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

आरा। भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह टोला और अमरोजा खोरा के बीच आरा-सासाराम स्टेट हाईवे किनारे रविवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी उमेश यादव के 35 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव के रूप में की गई है। वह बालू घाट पर काम करता था। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चरपोखरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची तथा वैज्ञानिक जांच के लिए आवश्यक साक्ष्य और नमूने एकत्र किए।

# दौड़ में सात महिला प्रशिक्षु सिपाही बेहोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले के डेहरी स्थित बीएमपी-2 प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को सात महिला प्रशिक्षु सिपाहियों की तबीयत अचानक खराब हो गई। आनन-फानन में सभी बीमार प्रशिक्षुओं को इलाज के लिए डेहरी अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार महिला प्रशिक्षुओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, डेहरी स्थित बीएमपी-2 प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को महिला सिपाहियों का प्रशिक्षण चल रहा था। प्रशिक्षण के दौरान 16 किलोमीटर की दौड़ पूरी करते समय अचानक एक के बाद एक करीब सात महिला प्रशिक्षु बेहोश होकर मैदान में गिर पड़ीं। सिपाहियों के बेहोश होते ही प्रशिक्षण केंद्र में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। महिला सिपाहियों का इलाज कर रहे चिकित्सकों के अनुसार, भीषण गर्मी, अत्यधिक थकान और शरीर में पानी की कमी के कारण सभी प्रशिक्षुओं की तबीयत बिगड़ी। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और अत्यधिक थकान की शिकायत थी। डॉक्टरों का कहना है कि उपचार के बाद सभी की हालत में काफी सुधार हुआ है। फिलहाल सभी महिला सिपाहियों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। केंद्र के सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि बीएमपी-2 में पटना, नालंदा और गोपालगंज जिलों की करीब 1355 महिला प्रशिक्षु सिपाहियों का प्रशिक्षण चल रहा है। रविवार को शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत 16 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई थी, जिसके दौरान कुछ महिला सिपाहियां बेहोश होकर गिर पड़ीं। उन्होंने बताया कि सभी की स्थिति अब स्थिर है।

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को भी डेहरी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 16 किलोमीटर लंबी दौड़ के दौरान तीन प्रशिक्षु जवान तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़े थे।

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के सरहिला गांव से 7 लीटर देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सरहिला गांव में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान रामदेव मुखिया, पिता नेति मुखिया, निवासी सरहिला गांव को 7 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार और तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नीट परीक्षा का फर्जी प्रश्न पत्र बेचने वाले चार लोग धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** पुलिस ने नीट परीक्षा का फर्जी पेपर बेचकर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के माध्यम से अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को फर्जी प्रश्नपत्र का झांसा देकर रुपए वसूलता था। नगर थाना और सिकंदरपुर थाना क्षेत्र से जुड़े इस मामले में पुलिस अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी मनीष झा को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

दरअसल, 2 जून 2026 को मुजफ्फरपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बालूघाट स्थित चॉकलेट फैक्ट्री के पास एक किराये के मकान में नीट परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र तैयार



कर टेलीग्राम के जरिए बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर जजुआर थाना क्षेत्र निवासी मनीष झा को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान उसके पास से चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया था। इसके बाद गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू की गई।

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान नगर थाना क्षेत्र निवासी हर्ष, अमन कुमार, कन्हैया कुमार उर्फ मानव तथा सिकंदरपुर थाना क्षेत्र निवासी हर्ष कनोडिया के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे टेलीग्राम के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों से संपर्क कर नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। इसके बदले विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन रकम जमा कराई जाती थी। ठगी से प्राप्त राशि मुख्य आरोपी मनीष झा तक पहुंचाई जाती थी, जिसके बाद उसे विभिन्न खातों में जमा कराया जाता था।

मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग लोगों से संपर्क कर उनके खातों में रकम जमा कराते थे, जिसे बाद में गिरोह के अन्य सदस्य निकाल लेते थे। पुलिस अब गिरोह के आपराधिक इतिहास और इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

# लूटपाट के दौरान वृद्धा की हत्या, आरोपित को लोगों ने दबोचा

## घटना के बाद गांव में रोष एवं दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा/मांझी (सारण)।** बिहार के सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव में गुरुवार की देर शाम लूटपाट के दौरान एक वृद्ध महिला की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान गांव निवासी रामजन्म पंडित की लगभग 80 वर्षीय पत्नी रुक्मिणी देवी के रूप में हुई है।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया, जिससे पुलिस गहन पूछताछ कर रही है।

परिजनों के अनुसार रुक्मिणी देवी रात करीब साढ़े आठ बजे घर के बाहर स्थित एक कमरे में अकेली



सो रही थीं। उनके पति भोजन करने के लिए दूसरे घर गए हुए थे। इसी दौरान गांव का ही एक युवक कथित रूप से कमरे में घुस गया। मृतका की पुत्रवधू रेखा देवी की नजर उस पर पड़ गई। पूछताछ किए जाने पर युवक वहां से भागने लगा। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया।

इसके बाद जब परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो रुक्मिणी देवी मृत अवस्था में मिलीं। उनके चेहरे, आंख और नाक पर चोट के निशान थे तथा गले पर दबाव के चिह्न पाए गए। परिजनों का आरोप है कि बदमाश ने उनके नाक का गहना भी नोच लिया।

घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को एक मोबाइल फोन और चप्पल बरामद हुई है, जिसे लोग संदिग्ध युवक का बता रहे हैं। सूचना मिलते ही दाउदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य संकलित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से आवश्यक नमूने एकत्र किए हैं। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है तथा पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मामले के सभी पहलुओं का खुलासा होने की उम्मीद है।

# जनता दरबार में आठ मामलों का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित मनरेगा सभागार में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि संबंधी विवादों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल 10 नए आवेदन प्राप्त हुए। अंचलाधिकारी अमलेश कुमार ने सभी मामलों में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते हुए अगली निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया।

वहीं पूर्व से लंबित भूमि विवाद के 8 मामलों का निष्पादन किया गया। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अंचलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान



के लिए कार्यालयों का बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है, जिससे आमजन को राहत मिल रही है।

मौके पर राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज, अंचल नाजिर मोहम्मद जहरुदीन, प्रधान सहायक सैयद मोहम्मद नजमी, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, लिपिक विजेंद्र कुमार सिंह, अमीन सरोज कुमार, संजीत कुमार सहित विभिन्न गांवों से आए फरियादी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक गंभीर

**गयाजी।** गया-राजगीर राष्ट्रीय राजमार्ग-82 पर गयाजी शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर बाईपास रोड पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मानपुर दिशा से आ रही अज्ञात वाहन की रफ्तार ने बाइक सवार युवकों को जबरदस्त टक्कर मार दी, इसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार वाहन की टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक का एक पैर शरीर से कटकर अलग हो गया। सड़क के बीच बने डिवाइडर की ग्रिल में फंस गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में तीनों घायलों की अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लेकर गए। इसमें घायल युवक की पहचान विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरीटांड मोहल्ला निवासी मुन्ना आलम के पुत्र मो.अर्श, दूसरा मुमताज आलम के पुत्र आरिफ मोहम्मद के तौर पर हुई है। तीसरे की पहचान नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अर्श का दायां पैर शरीर से अलग हो गया। वह अपनी बाइक से तीन साथियों के साथ कहीं जा रहा था, तभी अज्ञात गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

# बदमाशों ने पहुंचाई सरकारी काम में बाधा

## तीन नामजद समेत पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र स्थित सदर अंचल कार्यालय में घुसकर राजस्व कर्मचारी एवं अन्य कर्मियों के साथ नोकझोंक, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने तथा हत्या का प्रयास किए जाने का बड़ा मामला सामने आया है। इस संबंध में राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक विष्णु देव सिंह के बयान पर नवादा थाना में तीन नामजद एवं पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में अरपित कुमार, सुबोध कुमार एवं मो. अजहर को नामजद आरोपित बनाया गया है। सभी आरोपित मुंह बांधकर कार्यालय पहुंचे थे।

घटना की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई हैं। प्राथमिकी में दफ्तर में घुसकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, जान से मारने की धमकी देने तथा हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान की जा रही है। आरोप है कि आरोपित भू-माफिया गिरोह से जुड़े हुए हैं।

घटना के बाद अंचल कार्यालय के कर्मियों में असुरक्षा का माहौल है। प्राथमिकी के अनुसार, शुक्रवार को मौलाबाग क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे प्रभारी अंचल निरीक्षक विष्णु देव सिंह अंचल कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने पूछा कि उसके दोस्तों का काम होगा या नहीं। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि नियमानुसार सभी का काम होगा। कुछ देर बाद मुंह पर गमछा बांधे कई लोग कार्यालय में घुस आए। आरोप है कि सभी के पास हथियार थे। उस समय प्रभारी अंचल निरीक्षक ऑपरेटर अमित के पास बैठकर ऑनलाइन पोर्टल से संबंधित कार्य करवा रहे थे।

# रांची में राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी में जुटी लोक समिति

## पटना में पुलिस द्वारा छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज की निन्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने पटना प्रवास के दौरान एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लोक समिति लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित एक गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन है। जिसकी स्थापना जे.पी. ने 30 जून, 1977 ई. को की थी। श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष लोक समिति अपने स्थापना दिवस के 49 वां वर्षगांठ के अवसर पर आगामी 30 जून को राँची में राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर बिहार के कार्यकर्त्ता सक्रिय रूप से जुट गयें है। श्री सिंह ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बिहार प्रदेश के पदाधिकारी लगातार जिलों का दौरा एवं कार्यकत्ताओं से सम्पर्क कर रहें है। श्री सिंह ने कहा कि जे.पी. आज हमारे बीच नहीं है लेकिन जे.पी. के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। पहले से कई गुना अधिक भ्रष्टाचार , महंगाई, शिक्षा और बेरोजगारी की समस्या बढ़ी है। बिहार के अधिकांश अफसर और नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है।जिससे आम जनता परेशान है। श्री सिंह ने बताया कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए जे.पी.आन्दोलन जैसे पुनः एक बड़ा जन आन्दोलन की आवश्यकता है। तभी एक नयी व्यवस्था बनेगी। इसके लिए निराश नहीं, बल्कि त्याग और संघर्ष करने की जरूरत नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि कल पटना के पाटलिपुत्र रेलवे-स्टेशन पर बेरोजगार अभ्यार्थियों ने परीक्षा देने अपनी परीक्षा केन्द्र पर जा रहें थे! लगभग सभी रेल गाड़ियों को बिलंम्ब से चलने की सूचना मिल रही थी। छात्रों को अपनी परीक्षा पुलिस छुटने की डर सता रही थी! रेलवे पदाधिकारी उन बेरोजगार छात्रों की कोई सुन नहीं रहा था। इसी बीच छात्रों और पुलिस के जमकर हंगामें हुए। थोड़ी देर बाद पुलिस और छात्रों के बीच जमकर पथराव हुये! जिसमें पुलिस भी बूरी तरफ घायल हो गयी। तब वरिय पुलिस पदाधिकारी की निन्द खुली। जानकार सूत्रों से मालूम हुआ कि घटना खबर सुनते ही रेल पुलिस महानिरीक्षक ने काफी संख्या में पुलिस बल को घटना स्थल पर भेजकर तैनात किया। पुलिस ने सुनियोजित ढ़ंग से निहत्थे छात्रों पर जमकर लाठीचार्ज एवं आँसू गैस के गोलें छोड़वायें गयें, जिससे छात्र भी लहूलुहान एवं घायल हो गए, तत्पश्चात घटनास्थल पर वरिय पुलिस पदाधिकारियों के पहुंचने से किसी तरह छात्रों को समझा बुझाकर मामला को काबू में लेकर शांत कराया गया। आगे मामला को ठंढा करने के लिए बिहार के सभी बड़े स्टेशनों पुलिस महानिरीक्षक की ओर से सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था कर दी गई है। श्री सिंह ने रेलवे की व्यवस्था की सवाल को लेकर पुलिस-प्रशासन की आलोचना करते हुए इस पूरी घटना की निन्दा की है तथा केन्द्र और बिहार सरकार से पथराव एवं पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण की गयी लाठीचार्ज की घटना की निष्पक्ष जांच एवं छात्र अभ्यार्थियों को सुरक्षित समय से परीक्षा दिलवाने की मांग की है।

# बंद घर से हजारों की चोरी

**नगरनौसा(नालंदा)** नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत चंडी थाना क्षेत्र के अकैड़ गांव में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े घर को निशाना बना नगद सहित हजारों की समान की चोरी कर लाया।घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी इंजीनियर संजय कुमार सिंह सब परिवार घर बंद कर देवघर गए हुए थे।घर आने के बाद घर का समान बिखड़ा पड़ा था।खोजबीन के दौरान एक सोने का चैन व दस हजार नगद गायब मिला।जबकि चार्ज में लगा लैपटॉप व मोबाइल को चोर नहीं ले गया।इधर घर मे चोरी होने की सूचना मिलते ही चंडी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है।

# अलग-अलग क्षेत्रों में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** फुलवारीशरीफ एवं परसा बाजार थाना क्षेत्र में रविवार को दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस जांच में जुटी है।

मृतकों के परिजनों के अनुसार दोनों युवक नशे के आदी थे। वहीं फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के एक मामले में परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर गर्म पानी डालकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के मंजौली गांव निवासी 40 वर्षीय एनी राम रविवार सुबह करीब आठ बजे घर से निकला था। दोपहर में उसका शव गांव में ही मिला।

परिजनों ने शव पर जलने के निशान होने की बात कहते हुए गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गुलाम शहबाज आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस मामले की सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# डिग्री कॉलेजों में नामांकन में देरी से छात्रों में असंतोष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र में 39 नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेजों को स्नातक नामांकन के लिए विद्यार्थियों का आवंटन तो कर दिया गया है, लेकिन इन संस्थानों में बुनियादी व्यवस्थाएं अब तक पूरी नहीं हो सकी हैं।

कई कॉलेजों का बैंक खाता तक नहीं खुला है और शिक्षकेतर कर्मचारियों की नियुक्ति भी लंबित है। ऐसे में नामांकन के लिए पहुंच रहे छात्र बिना जानकारी के वापस लौटने को मजबूर हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से नए कॉलेजों में फिलहाल केवल प्रभारी प्राचार्य और बर्सर की नियुक्ति की गई है। अधिकांश स्थानों पर शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। कई कॉलेज अभी स्कूल भवनों से संचालित हो रहे हैं, जहां नियमित नामांकन की व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है। विश्वविद्यालय ने इतिहास, हिंदी, राजनीति विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में नए कॉलेजों को 90 से लेकर 100 से अधिक विद्यार्थियों का आवंटन किया है। मेरिट सूची जारी होने के बाद छात्र जब संबंधित कॉलेज पहुंचे तो उन्हें वहां नामांकन संबंधी स्पष्ट व्यवस्था नहीं मिली। इसके बाद कई विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन से संपर्क कर जानकारी मांगी।

स्थिति को संभालने के लिए कई प्रभारी प्राचार्यों ने विद्यार्थियों के साथ संपर्क बनाए रखने हेतु वाट्सएप ग्रुप तैयार किए हैं। इन ग्रुपों के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया और आगे की व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की जा रही है। कई कॉलेजों ने विद्यार्थियों को सोमवार को बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश देने की तैयारी की है।

नए डिग्री कॉलेजों में फर्नीचर, कंप्यूटर और अन्य आवश्यक संसाधनों की खरीद जिला प्रशासन की क्रय समिति की स्वीकृति के बाद ही की जाएगी।

संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों ने निर्देश दिया है कि सभी खरीदारी गठित समिति के माध्यम से ही होगी। इसके चलते आधारभूत सुविधाओं के विकास की प्रक्रिया भी अभी प्रारंभिक चरण में है।

# संपादकीय

## सशक्तिकरण के दावों के बीच महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कड़वी हकीकत

शहरों की तुलना में शांतिप्रिय माने जाने वाले गांवों में महिलाओं को घरेलू एवं यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए कागजों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर अक्सर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। सरकार की ओर से इस दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं और अभियान शुरू किए गए हैं। सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। महिलाओं को विधायिका में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही जा रही है।यही नहीं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कानून भी बनाए गए हैं। मगर, जमीनी हकीकत यह है कि महिलाएं खुद को कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं। घर हो या बाहर, हर जगह उन्हें हिंसा का भय सताता रहता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की रिपोर्ट के आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। इसके मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में हर चौथी और शहरी क्षेत्र में हर छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार हो रही है।यानी शहरों की तुलना में शांतिप्रिय माने जाने वाले गांवों में महिलाओं को घरेलू एवं यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए कागजों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।देश में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा कई रूपों में सामने आती है। इनमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और जादू-टोने जैसे अंधविश्वास के कारण मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न प्रमुख हैं। नए सर्वेक्षण में 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं में से 22 प्रतिशत से अधिक ने माना कि उन्होंने अपने जीवन में कभी न कभी घरेलू हिंसा का सामना किया है। हालांकि यह आंकड़ा पिछले सर्वेक्षण की तुलना में कुछ कम है, लेकिन यह अब भी एक बड़ी सामाजिक चुनौती की ओर इशारा करता है।सवाल है कि जब महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए अलग से कानून बनाए गए हैं, तो फिर इस तरह की घटनाओं का सिलसिला थम क्यों नहीं रहा है? जाहिर है कि इन कानूनों का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही और ढुलमुल रवैये का ही नतीजा है कि महिलाएं न तो अपने घर पर और न ही बाहर खुद को सुरक्षित महसूस कर पाती हैं।सर्वेक्षण में 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग की 0.7 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले वे यौन हिंसा का शिकार हुई थीं। शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 0.4 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 0.8 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इससे साफ है कि गांवों में यौन हिंसा की स्थिति शहरों के मुकाबले ज्यादा भयावह है। इसकी एक बड़ी वजह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी और कानूनी जानकारी का अभाव है।

**विशेष बात यह है कि इस व्यस्तता के बीच भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को प्राथमिकता की सूची में सदैव रखा। उन्हें जब भी मौका मिला, वे मध्यप्रदेश आए और जनता का भला कर गए। वे जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं। कृषि प्रधान राज्य मध्यप्रदेश के लाखों किसान अपनी मेहनत से देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनकी समृद्धि और कल्याण के बिना देश की प्रगति अधूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की राज्य सरकार ने किसानों के उत्थान के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इन प्रयासों में बीमा, सिंचाई, फसल विविधीकरण, आधुनिक तकनीक, बाजार सुविधाओं और किसानों की आय दुगनी करने पर पर विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मोहन यादव सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में किसानों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।**

## पीएम मोदी के 12 साल और सीएम यादव का विजन, कैसे बदल रही एमपी के 84 लाख किसानों की तकदीर

( आकाश सिकरवार)

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने साल 2026 को 'कृषि कल्याण वर्ष' घोषित कर किसानों के लिए खजाना खोल दिया है। गेहूं खरीदी का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन करने से लेकर भूमि अधिग्रहण पर 4 गुना मुआवजे जैसे ऐतिहासिक फैसलों से राज्य की कृषि वृद्धि दर 16 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास, का मंत्र देने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद संभालते ही अन्नदाता के कल्याण का स्वप्न देखा था। इस स्वप्न के साथ विकास के अन्य कार्य करते-करते उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित कीं। आज उन्होंने अपने कार्यकाल के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इसके मद्देनजर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि उनके कार्यकाल में किसानों का भला हुआ है। इन 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार खुद को ग्लोबल लीडर भी सिद्ध किया है। कई मौकों पर विश्व के बड़े राष्ट्रों के अध्यक्षों को प्रधानमंत्री मोदी से मशवरा करते देखा गया है।

विशेष बात यह है कि इस व्यस्तता के बीच भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को प्राथमिकता की सूची में सदैव रखा। उन्हें जब भी मौका मिला, वे मध्यप्रदेश आए और जनता का भला कर गए। वे जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं। कृषि प्रधान राज्य मध्यप्रदेश के लाखों किसान अपनी मेहनत से देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनकी समृद्धि और कल्याण के बिना देश की प्रगति अधूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की राज्य सरकार ने किसानों के उत्थान के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इन प्रयासों में बीमा, सिंचाई, फसल विविधीकरण, आधुनिक तकनीक, बाजार सुविधाओं और किसानों की आय दुगनी करने पर पर विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मोहन यादव सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में किसानों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

**किसान सम्मान निधि से अन्नदाता हुआ खुशहाल** – केन्द्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि है। इसके तहत सभी भूमि धारक किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रू की आय सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। मध्यप्रदेश में लाखों किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसी तरह मध्यप्रदेश सरकार भी किसानों को 6000 रुपये महीने देती है। इससे किसानों को जीवन संचालित करने में आसानी होती है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत भी 84 लाख से अधिक किसानों के खातों में 20,878 करोड़ रु से अधिक की राशि का अंतरण किया जा चुका है।

**गेहूं उपार्जन में रिकॉर्ड उपलब्धि** – वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए प्रदेश के 19 लाख 4 हजार 644 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। गेहूं उपार्जन के लिए इस वर्ष प्रदेश में कुल 3627 उपार्जन केंद्र बनाये गये हैं। बीते उपार्जन वर्ष 2025-26 में 15 लाख 44 हजार 55 किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया था। इस उपार्जन वर्ष के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,625 रूपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। मोहन यादव सरकार ने गेहूँ खरीदी के लक्ष्य को 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। समर्थन मूल्य पर निर्बाध खरीदी, स्लॉट अवधि बढ़ाने और सप्ताह में छह दिन उपार्जन सुनिश्चित करने जैसे कदमों से मध्य प्रदेश गेहूँ उत्पादन और खरीदी में देश में अग्रणी बना। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिला और फसल बिक्री में पारदर्शिता बढ़ी।




### फसलों पर बोनस, भूमि अधिग्रहण पर ऐतिहासिक फैसला

किसान कल्याण वर्ष के तहत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि के अधिग्रहण पर बाजार दर का चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। यह निर्णय विकास कार्यों और किसानों के हितों के बीच संतुलन बनाते हुए किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है। उड़द पर समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 600 रु प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। सरसों के लिए भावांतर योजना का विस्तार हुआ है। आपदा प्रभावित किसानों को राहत पैकेज के भी सरकार द्वारा वितरित किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री का मिशन किसान कल्याण

2026 को कृषि कल्याण वर्ष घोषित कर राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आर्थिक सुरक्षा देने और आधुनिक कृषि की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों के उत्थान को अपनी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया है। डबल इंजन सरकार प्रयासों से वर्ष 2026 मध्यप्रदेश के लाखों किसानों के लिए एक नई उम्मीद की किरण साबित हो रहा है, जहां अनेक योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं।

**सीएम ने किसानों का मन मोहा** – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान-केंद्रित नीतियां व्यावहारिक और दूरदर्शी हैं। भावांतर योजना का विस्तार कर सोयाबीन के बाद सरसों को शामिल किया गया जबकि उड़द और मूंगफली पर समर्थन मूल्य के साथ बोनस की घोषणा हुई। फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स पर सब्सिडी से किसानों को मूल्य संवर्धन का अवसर मिलेगा। खेती का रकबा 2.50 लाख हेक्टेयर बढ़ाने, तीन नदी जोड़ो परियोजना से 16 लाख हेक्टेयर सिंचाई, माइक्रो इरीगेशन विस्तार, आधुनिक मंडियां, बीज परीक्षण लैब और फसल नुकसान सर्वे के लिए तहसील-स्तरीय मौसम केंद्र जैसी रोडमैप ने किसानों का मन मोह लिया है। इसके अलावा निः शुल्क मृदा परीक्षण, गुणवत्तापूर्ण बीज और खाद की उपलब्धता, 24 घंटे बिजली, शून्य ब्याज दर पर फसल ऋण, भावांतर योजना जैसे कार्यक्रमों को समर्थन दे रही है, जिसमें बाजार मूल्य और एमएसपी के बीच के अंतर की भरपाई की जाती है जिससे किसान परिवारों तक सीधा लाभ पहुँच रहा है।

**किसानों के प्रति संवेदनशील 'मोहन'** – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं। किसानों के हितों में लिए जा रहे अनेक निर्णय न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, बल्कि प्रदेश सरकार की किसान कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का भी प्रतीक भी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन से मध्यप्रदेश में कृषि विकास योजनाएं तेजी से लागू हो रही हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार योजनाओं की पहुँच परिवारों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है। ट्रैक्टर रैली, कृषि प्रदर्शनियों और किसान सम्मेलनों के माध्यम से मोहन सरकार किसानों से सीधा संवाद कर रही है। कैबिनेट ने किसान कल्याण से जुड़ी हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है।

**निर्भरता से आत्मनिर्भरता की यात्रा** – कृषक मित्र योजना के तहत 90 प्रतिशत सब्सिडी पर सोलर सिंचाई पंप वितरित किए गए हैं जिससे किसान बिजली पर निर्भरता कम कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी और तीसरी फसल को प्रोत्साहन देकर कृषि आय विविधीकरण और जैविक खेती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य है जहां किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार की किसान केंद्रित नीतियों एक प्रभाव से प्रदेश में दूध संग्रहण भी काफी तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश की कृषि वृद्धि दर 16त्न तक पहुंचने में इन सभी प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान है।

**देश के विकास में देंगे योगदान** – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि किसानों की आमदनी बढ़ाए बिना प्रदेश का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। प्रत्यक्ष लाभ, उचित मूल्य, आधुनिक सिंचाई, विविधीकरण और आपदा राहत के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार अन्नदाताओं के हर सुख-दुःख में उनके साथ खड़ी है। ये उपलब्धियां न केवल किसानों को सशक्त बना रही हैं, बल्कि मध्यप्रदेश को कृषि प्रधान राज्य के रूप में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह दृष्टिकोण न केवल मध्यप्रदेश को कृषि प्रधान राज्य के रूप में स्थापित करेगा, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर देश के विकास में अपना योगदान देगा। ( यह लेखक के अपने विचार हैं )

## परीक्षा प्रणाली की अव्यवस्था में फंसते छात्र और टूटता भरोसा

(सुरेश सेठ)

सवाल है कि सरकार ने एक देश, एक परीक्षा की नीति के तहत राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का गठन क्या सोचकर किया था। लाखों विद्यार्थी भाग्य आजमाने के लिए परीक्षाओं में बैठें और प्रश्नपत्र लीक हो जाए, तो इसे क्या कहेंगे। हम सामान्य या असाधारण परिस्थिति का सामना करते हुए जीवन भर परीक्षा देते हैं। मगर इस समय जो चुनौती देश के नौनिहालों के सामने खड़ी हो गई है, वह कहीं अधिक बड़ी है। भरपूर मेहनत करने के बाद जब वे डॉक्टर बनने का सपना साकार करना चाहते हैं, तो उनकी उम्मीदें टूट जाती हैं। इस बार भी यही हुआ। सीबीएसई की 'ऑनलाइन स्क्रीन मार्किंग' में जो शिकायतें आईं, वह सबके सामने है।

नीट के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में छाया रहा। देश की परीक्षा प्रणाली किस तरह विद्यार्थियों के भविष्य को दांव पर लगा रही है, इसे समझा जा सकता है। पिछले दिनों कुछ विद्यार्थियों ने इस त्रुटिपूर्ण परीक्षा प्रणाली से निराश होकर आत्महत्या कर ली। ये ऐसे विद्यार्थी थे जो भविष्य में चिकित्सक बनकर मरीजों की सेवा करना चाहते थे। समाज में मानवीयता को जिंदा रखना चाहते थे।आज वे स्वयं परीक्षा प्रणाली के कुचक्र में फंस गए हैं। वे खुद को असहाय महसूस करने लगे हैं। उन्हें लगता है कि रात-दिन इतनी मेहनत करने का क्या लाभ, जहां उनकी मेधा का ठीक से मूल्यांकन ही नहीं होता। नतीजा यह कि वे जीवन से भी हार जाते हैं। सवाल है कि हम देश की भावी पीढ़ी के लिए कैसी व्यवस्था तैयार कर रहे हैं।

**कोटा से लेकर दिल्ली के कई इलाकों में देखा जा सकता है कि किस तरह युवा सिविल सेवा परीक्षा और नीट की तैयारी करते हैं। इस तैयारी में उनके माता-पिता की उम्मीदें भी जुड़ी रहती हैं। युवा निरंतर मेहनत करते हैं। वे परीक्षा देने जाते हैं और सभी प्रश्नों को सुलझाकर लौटते हैं, इस आशा के साथ कि अब कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ेंगे।**

कोटा से लेकर दिल्ली के कई इलाकों में देखा जा सकता है कि किस तरह युवा सिविल सेवा परीक्षा और नीट की तैयारी करते हैं। इस तैयारी में उनके माता-पिता की उम्मीदें भी जुड़ी रहती हैं। युवा निरंतर मेहनत करते हैं। वे परीक्षा देने जाते हैं और सभी प्रश्नों को सुलझाकर लौटते हैं, इस आशा के साथ कि अब कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ेंगे। मगर कुछ दिनों बाद पता चलता है कि प्रश्नपत्र लीक हो गया है। ऐसे में उनकी सारी आकांक्षाओं पर पानी फिर जाता है।

इस बार नीट के मामले में यही हुआ। इस घटना ने लाखों नौजवानों को निराशा के दलदल में धकेल दिया। यह अजीब बात है कि देश में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के गठन के बावजूद सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं संपन्न नहीं हो रहीं। इस व्यवस्था में भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया।

एनटीए की स्थापना से उम्मीद बनी थी कि विद्यार्थी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर अपनी पसंद के कॉलेजों और विषयों में दाखिला लेंगे। मगर वास्तविक स्थिति सबके सामने है।

सवाल है कि सरकार ने एक देश, एक परीक्षा की नीति के तहत राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का गठन क्या सोचकर किया था। लाखों विद्यार्थी भाग्य आजमाने के लिए परीक्षाओं में बैठें और प्रश्नपत्र लीक हो जाए, तो इसे क्या कहेंगे। यह कितनी बड़ी त्रासदी है कि विद्यार्थी इंतजार कर रहे थे नतीजे का, अपने स्वर्णिम भविष्य का और उन्हें मिली निराशा। अब उन्हें दोबारा परीक्षा देनी होगी। ऐसा ही वर्ष 2024 में भी हुआ था, तब भी लाखों विद्यार्थी निराश हुए थे।

प्रश्नपत्र लीक होने पर नीट यूजी 2026 को रद्द किया जाना कोई साधारण घटना नहीं। दोबारा परीक्षा लेने का निर्णय जरूर किया गया, लेकिन इससे विद्यार्थियों पर नाहक ही मानसिक दबाव बढ़ा है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा दे दी थी, उन्हें मालूम है कि उन्होंने पिछली बार कितनी मेहनत से तैयारी की थी।

अगर दोबारा परीक्षा के दौरान कोई सवाल हल नहीं कर पाए या पिछड़ गए, तब क्या होगा? ऐसे में विद्यार्थियों की मनःस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। कोई जरूरी नहीं कि वे दोबारा उसी क्षमता से परीक्षा दे पाएं। आज भी यह सवाल अपनी जगह कायम है कि आखिर वे कौन-सी खामियां थीं, जिनकी वजह से प्रश्नपत्र लीक हो गए। ये प्रश्नपत्र जयपुर से लेकर लातूर तक बिके। इतनी चाक-चौबंद व्यवस्था से प्रश्नपत्र बाहर निकल गए, तो शिक्षा व्यवस्था संभालने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

## भारत का सांस्कृतिक पुनरोद्धार काल



गजेन्द्र सिंह शेखावत

भारत आज विकास के विभिन्न आयामों में तेज गति से प्रगति कर रहा है। अर्थव्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा, ऊर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, राष्ट्रीय सुरक्षा, विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भौतिक प्रगति के इन आयामों में आगे बढ़ते हुए यह भी आवश्यक है कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति, इतिहास, धरोहर और विरासत को विस्मृत ना करें। भारत विश्व की प्राचीनतम जीवंत संस्कृतियों में से एक है, शताब्दियों तक विदेशी आक्रांताओं के साथ चले संघर्ष में देश में राजनीतिक सत्ता में परिवर्तन आता रहा, लेकिन भारत अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सफलतापूर्वक स्थानांतरित करता रहा। इन वर्षों में हुई राजनीतिक उथल पुथल में हमारे अनेक उपासना स्थल, ग्रंथ, पुस्तकालय, विश्वविद्यालयों का विध्वंस किया गया, लेकिन हमारी संस्कृति और परंपराएं फिर भी जीवित रहीं। सांस्कृतिक भारत पर दूसरी चोट हमारी शिक्षा पद्धति को बदलने से हुई, जिसके द्वारा हमारे अंतर्मन में अपनी संस्कृति के प्रति हीन भावना उत्पन्न करने के प्रयास हुए।

वर्ष 2014 से भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के साथ साथ सांस्कृतिक रूप से भी एक बड़ी करवट ली, जिसे हम संस्कृति के पुनरोद्धार के आरंभ का वर्ष भी कह सकते हैं। सांस्कृतिक भारत आज अपने गौरवशाली अतीत को पुनः स्मरण करते हुए उसके वैभव, उसकी भव्यता को ना सिर्फ पुनर्स्थापित कर रहा है, बल्कि सामाजिक जीवन में भी वह संस्कृति पुनः स्थापित हो रही है। आज हमारे उत्सव, प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक, खान-पान, वस्त्र, कला, नृत्य, संगीत, शास्त्र, शिल्प वैश्विक आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं।

**भारतीय संस्कृति की बढ़ती स्वीकार्यता:** पिछले 12 वर्षों में विश्व में भारतीय संस्कृति की स्वीकार्यता बढ़ी है। आज पूरा विश्व 21 जून को योग दिवस मना रहा है। ये सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम नहीं, अपितु यह प्राचीन भारतीय दर्शन हैस जिसे विश्व ने मान्यता दी। मानव जीवन में उसकी उपयोगिता को देखते हुए उसे अपनाया। आज विश्व के अनेक देशों से हमारी धरोहरें वापस देश में लौटीं हैं, जिनकी संख्या भी एक रोचक तथ्य है। वर्ष 2013 से पूर्व मात्र 13 धरोहरों को विदेशों से भारत लाया गया था, जबकि पिछले 12 वर्षों में 640 से अधिक धरोहरें विदेशों से भारत लौटी हैं। ये दर्शाता है कि संस्कृति में सिर्फ परंपराएं ही नहीं, अपितु संस्कृति के प्रतीक चिह्नों को वापस लाने के प्रति भी हमने गंभीरता दिखाई है। ये प्रतीक चिह्न हमारे लिए गौरव का विषय हैं, जो हमारे पूर्वजों की कला, शिल्प और विभिन्न विषयों के ज्ञान की निशानियां हैं, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है।

दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे हमारे सामाजिक उत्सवों को यूनेस्को ने विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। यह मान्यता मात्र उत्सवों को ही नहीं, अपितु इनके पीछे छुपे उन संदेशों को भी मिली है, जो बताती है कि असत्य पर सदैव सत्य की विजय होती है, बुराई हमेशा अच्छाई से पराजित होती है। हमारे प्राचीन इतिहास को भी आज यूनेस्को ने स्वीकारा है। उसका प्रमाण है कि भारत 44 विश्व धरोहर स्थलों के साथ ही विश्व में छटे और एशिया में दूसरे स्थान पर है। यह धरोहरें हमारी विरासत की प्रतीक हैं, जिन्हें देखकर भारतीयों को अपनी संस्कृति और इतिहास का परिचय मिलता है और उस पर गर्व होता है।

**भूले और बिखरे ज्ञान का पुनर्संकलन:** भारत एक लंबे समय तक विदेशी आक्रांताओं के साथ संघर्षरत रहा है। ज्ञान और संस्कृति का सम्मान ना करने वाले इन विदेशी आक्रमणकारियों ने देश के ज्ञान की अमूल्य विरासत रहे हमारे विश्वविद्यालय, गुरुकुल और पांडुलिपियों में लिखित ज्ञान को नष्ट करने के प्रयास किए। एक लंबे कालखंड में हमारी ज्ञान परंपरा की अमूल्य निधि पांडुलिपियां विभिन्न मठों, मंदिरों, संस्थानों और घरों में संरक्षित की गईं, जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया। ये दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद भी इन्हें संकलित कर प्राचीन ज्ञान को पुनः प्राप्त करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

आज संपूर्ण देश में ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत इन पांडुलिपियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि समस्त भारत से अब तक 88 लाख से अधिक पांडुलिपियां प्राप्त हो चुकी हैं। इस ज्ञान को संकलित करने के साथ ही इन्हें आधुनिकतम तकनीक के साथ डिजिटाइज किया जा रहा है। इनमें लिखित ज्ञान को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में यह संकलन हमारी भावी पीढ़ियों को अध्यात्म, विज्ञान, कला, शिल्प जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्राचीन ज्ञान और उसकी उत्कृष्टता से परिचित कराएगा और उस पर गर्व करने को प्रेरित करेगा।

**संस्कृति के प्रतीक चिह्नों का पुनरोत्थान:** भारत के मंदिर, किले, मेले, ऐतिहासिक धरोहर स्थल हमारी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास के प्रतीक चिह्न हैं। यह दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद से भारत के इन सांस्कृतिक स्थलों की उपेक्षा की गई। कुछ ही स्मारकों का वैश्विक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। यह मंदिर भारत की विविधता भरी संस्कृति को एक सूत्र में जोड़ कर रखते हैं। देश के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल वर्षों से उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार रहे। पिछले 12 वर्षों में इन स्थलों का कायाकल्प किया गया है। आज भारत में देश की प्राचीन संस्कृति के वाहक रहे काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक कॉरिडोर, केदारनाथ, सोमनाथ सहित विभिन्न मंदिरों और तीर्थनगरियों का व्यापक विकास किया गया है, श्रद्धालुओं के लिए वहां सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति जागरुकता भी आई। आज इन स्थानों पर आने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान का प्रतीक है। इन स्थानों के विकास और यहां की यात्राओं से युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व का एहसास बढ़ा है।

**विरासत भी, विकास भी:** आज हमारी संस्कृति के प्रतीक चिह्न हमारे धार्मिक स्थल, मंदिर, धार्मिक मेले स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ने से स्थानीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के साथ ही इन नगरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे लोगों की जीवनशैली में व्यापक सुधार हुआ है। आज ऋषिकेश, अयोध्या, प्रयागराज, काशी सहित भारत के विभिन्न आध्यात्मिक नगरों में विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में भारतीय संस्कृति को जानने और समझने के लिए आ रहे हैं। भारतीय संस्कृति की व्यापकता से अभिभूत हो रहे हैं। इससे ना सिर्फ भारत की संस्कृति को प्रचार प्रसार मिल रहा है बल्कि अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंच रहा है।

**जड़ों से जुड़ता भारत:** आज भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। आज भारत भूली बिसरा दी गई अपनी संस्कृति के पुनर्जागरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। अनेक शताब्दियों तक संघर्ष में उलझा रहा भारत एक नई करवट के साथ आज अपनी पुरानी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को पुनर्स्थापित कर रहा है। भारत आज विश्व को बता रहा है कि कैसे प्राचीन परंपरा और संस्कृति के साथ आधुनिकता को अपनाया जा सकता है, आने वाला समय नए भारत का है। भविष्य में भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत की संस्कृति विश्व को नई दिशा देने जा रही है।

**(लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार है)**

# सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे अलर्ट, सुरक्षा के घेरे में रहा कटिहार जंक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** केंद्रीय चयन परिषद सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर रविवार को रेल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। हजारों अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा दो जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। जबकि कटिहार जंक्शन समेत रेल जिला के सभी प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया गया। पाटलिपुत्र स्टेशन पर हुई घटना के बाद कटिहार रेल जिला में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष सतर्कता बरत रही हैं। रेल एसपी हरिशंकर कुमार एवं आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस के नेतृत्व में स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों, प्रवेश एवं निकास द्वारों तथा परीक्षा स्पेशल ट्रेनों में लगातार संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इसके अलावा राजधानी एक्सप्रेस सहित





सभी नियमित ट्रेनों में भी चेक किया गया और शांतिपूर्ण ट्रेन को कटिहार से रवाना किया गया। पूरे दिन कटिहार स्टेशन पर प्रशासनिक अधिकारी स्वयं स्टेशन परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने कटिहार जंक्शन पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पूर्णिया,अररिया एवं अन्य परीक्षा केंद्रों के लिए रवाना हुए। हालांकि कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के विलंब से परिचालन को लेकर नाराजगी भी जताई।रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आगमन को देखते हुए रेलवे एवं जिला प्रशासन ने विशेष सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था लागू की है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। वहीं आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस ने कहा कि कटिहार सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर अभ्यर्थियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे कटिहार स्टेशन स्थित रेल परिसर सुरक्षा के जवानों से भरा था। मौके पर रेल डीएसपी अरुण कुमार अकेला भी स्वयं माइक लेकर लोगो को समझाते नजर आए।रेलवे और जिला प्रशासन की संयुक्त सतर्कता के बीच कटिहार जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही तथा अभ्यर्थियों को सुरक्षित माहौल में अपने गंतव्य तक पहुंचाने की दिशा में प्रभावी प्रबंधन देखने को मिला। जिसमें जिला एवं रेल के अधिकारियों के साथ सदर एसडीओ सहित आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार, एसआई बबलू कुमार, रेल थानाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# मुगलाहा बगीचा से हथियार के साथ शातिर अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ बकिया सुखाय के कैम्प प्रभारी कौशल कुमार और बरारी पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वी बारीनगर पंचायत स्थित



मुगलाहा बगीचा में छापेमारी कर एक शातिर अपराधी को अवैध हथियार एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरारी थाना को सूचना प्राप्त हुई थी कि मुगलाहा बगीचा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ मौजूद है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल एसटीएफ की मदद से संयुक्त छापेमारी टीम का गठन किया। इसके बाद बरारी थाना से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित मुगलाहा बगीचा में घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने काढ़ागोला घाट निवासी फूलन यादव (25) पिता चुनू यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और सात जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बरामदगी के बाद पुलिस ने हथियार और कारतूस को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार उसके विरुद्ध बरारी थाना कांड संख्या 378/23 में लूट की घटना को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 392 के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा बरारी थाना कांड संख्या 10/25 में भी आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के तहत आरोपी नामजद है। ऐसे में पुलिस आरोपी को क्षेत्र का सक्रिय अपराधी मानकर उसके आपराधिक नेटवर्क की भी पड़ताल कर रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि आरोपी अवैध हथियार लेकर किस उद्देश्य से मुगलाहा बगीचा क्षेत्र में पहुंचा था। यह भी पता लगाया जा रहा है कि उसके साथ अन्य अपराधी भी जुड़े हुए हैं या नहीं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हथियार के स्रोत और उसके संभावित सहयोगियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत नया मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों,अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।इस कार्रवाई को बरारी पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली पोल गिरने से युवक की मौत

**कोढ़ा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संदलपुर पंचायत के मकईपुर गाँव निवासी स्वर्गीय छोटू कुमार के आकस्मिक निधन के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार बिजली का पोल गिरने से हुई इस दर्दनाक घटना में उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक मानी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोढ़ा विधायक प्रतिनिधि गौरव पासवान मृतक के घर



पहुंचे और शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताते हुए उनके दुख को साझा किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक प्रतिनिधि ने मौके पर ही परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने उस कंपनी के प्रतिनिधियों से दूरभाष पर बातचीत की। जहां छोटू कुमार कार्यरत थे। बातचीत के दौरान उन्होंने कंपनी से आग्रह किया कि मानवीय आधार पर मृतक के परिवार को यथासंभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे परिवार को संबल मिल सके। गौरव पासवान ने प्रशासन से भी इस मामले में उचित कार्रवाई और सहायता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए बिजली विभाग को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

### रामपुर पंचायत में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**हसनगंज/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रामपुर पंचायत भवन प्रांगण में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक जागरूकता



शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता अमित कुमार सिन्हा एवं पारा लीगल वालेंटियर अविनाश कुमार ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी योजना एवं अधिकारों की जानकारी दी। अधिवक्ता अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर के माध्यम से लोगों को वीर परिवार सहायता योजना 2025 परमानेंट लोकअदालत और मध्यस्था की प्रक्रिया एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार समाज के सभी वर्गों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया लोक अदालत के माध्यम से विवादों के निष्पादन तथा मध्यस्था के जरिये आपसी सहमति से मामलों के समाधान के संबंध में जागरूक किया गया। इस मौके पर पंचायत की मुखिया रानी देवी,सरपंच अनिल कुमार मंडल,पंचायत सचिव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### ट्रैक्टर-डीसीएम की आमने-सामने टक्कर में बाल-बाल बचे दोनों चालक

**कुरसेला/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर कबीर आश्रम के पास रविवार को ट्रैक्टर और डीसीएम की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित बच गये। जानकारी के अनुसार समेली की ओर से आ रहे ट्रैक्टर की नवगछिया की ओर से आ रही डीसीएम से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि दोनों चालक



बाल-बाल बच गए। घटना के बाद एनएच-31 पर कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही कुरसेला पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ओवरटेक या किसी चालक की लापरवाही से घटना होने की संभावना की जांच कर रही है। इस क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में दहशत है।

### 103 ग्राम स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कुरसेला/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कुरसेला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-31 स्थित कोसी सड़क पुल के पास 103 ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवगछिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-06 निवासी विक्की



कुमार (25) और धोबिनिया निवासी अखिलेश कुमार (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक बुलेट बाइक भी जब्त की है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो युवक कुरसेला से स्मैक लेकर नवगछिया की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने कोसी पुल के पास वाहन जांच शुरू कर दी। इसी दौरान बुलेट सवार दोनों युवकों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 103 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# डेढ़ साल की दोस्ती और अवैध संबंध बना मनीष की मौत का कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फलका (कटिहार)।** फलका थाना क्षेत्र के मोहजान गांव में विगत दिन मनीष कुमार मंडल (22) की गला रेतकर की गई निर्मम हत्या के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस गिरफ्त में आई मुख्य आरोपी सीता देवी ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि यह हत्या पति से दोस्ती और पत्नी के साथ अवैध संबंधों के कारण रची गई साजिश का नतीजा है।

जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक मनीष कुमार पेशे से वीडियोग्राफर थे और साथ ही बिजली मिस्त्री व मोबाइल रिपेयरिंग का काम भी करते थे। आरोपी पप्पू कुमार ने उन्हें काम के सिलसिले में



एक-दो बार अपने घर बुलाया था, जिसके बाद मनीष और पप्पू के बीच अच्छी दोस्ती हो गई थी। आरोपी महिला सीता देवी ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया कि पिछले डेढ़ साल से मनीष का उनके घर पर आना-जाना था। इसी दौरान मनीष और सीता के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। जब सीता के पति पप्पू कुमार को इस रिश्ते की भनक लगी तो उन्होंने अपने दोस्त मनीष को कई बार समझाया और गलत रास्ता छोड़ने की नसीहत दी थी। हालांकि पति की चेतावनी के बावजूद दोनों के बीच बातचीत और मिलना-जुलना जारी रहा। सीता देवी ने अपने बयान में बताया कि घटना वाली रात उसने ही अपने मोबाइल फोन से मनीष को घर बुलाया था। इसके बाद घर पर मौजूद सभी नामजद आरोपियों ने मिलकर बड़ी बेरहमी से मनीष की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी महिला ने घटना के पीछे अपने मोबाइल फोन और प्रेम-प्रसंग को ही मुख्य कारण बताया है। थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सीता देवी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और यह भी स्वीकार किया है कि हत्याकांड में नामजद सभी लोगों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने सीता देवी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।वहीं इस हत्याकांड में शामिल अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है।जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# बाइक बचाने के क्रम में कार और ऑटो में टक्कर, चार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समेली (कटिहार)।** पोठिया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर अस्पताल चौक के समीप बाइक कार और टेंपो की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोपहर करीब 1:00 बजे कुरसेला से डूमर की ओर सवारी बैठाकर जा रही टेंपो विपरीत दिशा डूमर से कुरसेला की ओर तेज रफ्तार से आ रही कार इसी बीच अचानक मधेली की ओर से आ रही बाइक के सड़क पार करने में घटना घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक बाइक के बीच सड़क पर आ जाने से उसे बचाने के क्रम में कार चालक ने ब्रेक लगाने के क्रम में कार अनियंत्रित होकर टेंपो से जा टकराई। इस दौरान बाइक चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान भटवारा निवासी मोहसिन आलम(26), खेरिया निवासी उपेंद्र रविदास(64), समेली निवासी चंदन शर्मा (40) तथा डूमर निवासी सुरेंद्र कुमार मंडल(30) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पोठिया पुलिस एसआई सूरज कुमार व अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचकर बाइक, कार और टेंपो तीनों वाहनों को जप्त कर कानूनी कार्रवाई में जुट गए।

# जाम से निजात पाने के लिए ई- रिक्शा चालक संघ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** शहर के बाबू वीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम परिसर में ई- रिक्शा चालक संघ के टोटो चालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के मुख्य संरक्षक भाजपा मजदूर नेता विकास सिंह ने की । बैठक में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत नगर निगम में हुई बैठक के त्रिपक्षीय वार्ता में शहर को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर एक संयुक्त प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर संघ ने लगभग एक दर्जन अस्थाई स्टैंड एवं कुछ समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने सर्वसम्मति से टोटो चालक साथियों से अनुरोध करते हुए कहा कि शहर में ई



रिक्शा चलाने के लिए कुछ नियमों को मानना अत्यंत आवश्यक है। श्री सिंह ने स्पष्ट बताया कि नगर निगम,यातायात विभाग,मोटर परिवहन विभाग ने संघ को स्पष्ट बता दिया है अगर ई - रिक्शा शहर में चलाना है तो ड्राइवरी लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, नशा मुक्त और बालिग होना बहुत जरूरी है। तो ही आप टोटो चलाएंगे अन्यथा ई रिक्शा चालकों पर कठोर कार्रवाई होगी। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार, ट्रैफिक के पदाधिकारी, मोटर परिवहन विभाग के पदाधिकारी ऑटो संघ एवं टोटो संघ के पदाधिकारी के साथ त्रिपक्षीय वार्ता होगी। जिसमें शहर को जाम से मुक्ति दिलाने आम लोगों के सुविधा के लिए अस्थाई स्टैंड, रूट निर्धारण चार्ट तैयार कर ऑटो एवं टोटो शहर में चलेगी। श्री सिंह ने विश्वास दिलाया कि ई रिक्शा चालक के साथी भी नगर निगम जिला प्रशासन यातायात विभाग मोटर परिवहन विभाग को हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। बैठक में संघ को चलाने के लिए कार्यालय की व्यवस्था,कोष की व्यवस्था, सदस्यता अभियान में तेजी लाने, संगठन की मजबूती, संघ को चलाने के लिए प्रत्येक महीना सहयोग राशि निश्चित रूप से जमा करना जैसे दर्जनों बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किया गया। बैठक में मुख्य संरक्षक विकास सिंह के अलावा अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, सचिव विक्रम कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संजीत पासवान, राजीव रंजन, अशोक शाह, सोनू साह,गोलू साह, चंदन पासवान, रमन कुमार, राजकुमार पासवान, राजीव कुमार, मोहम्मद ईसराफिल, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रामपुर प्रीमियम लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र के रामपुर पंचायत में आयोजित रामपुर प्रीमियम लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोढ़ा विधायक कविता पासवान एवं जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विधायक कविता पासवान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का



माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। विधायक ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में ऊर्जा और एकता का संचार करते हैं। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को एक मंच प्रदान करती हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल से आपसी भाईचारा बढ़ता है और यह समाज को जोड़ने का काम करता है।

# समाजसेवी नरोत्तम जोशी के असामयिक निधन पर सांसद ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सह सांसद तारिक अनवर ने कटिहार के प्रमुख समाजसेवी,नवमनोनीत अध्यक्ष कटिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स नरोत्तम जोशी के असामयिक निधन पर दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया। सांसद श्री अनवर ने अपने शोक संदेश मे कहा कि जोशी जी का



जीवन समाज सेवा, सादगी और जनकल्याण के प्रति हमेशा समर्पित था। वे एक सफल व्यवसायी के साथ साथ सामाजिक कार्यों के क्षेत्र मे अपनी अलग पहचान बनाई, जिसे कभी भुलाया नही जा सकता। इनके आकस्मिक निधन की खबर से मैं स्तब्ध और मर्माहत हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान दे एवं उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे एवं शोकाकुल परिवार एवं उनके शुभचिंतको को इस गहरी दुख की घड़ी को सहने की शक्ति दे।कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी अर्बन के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, सत्यनारायण प्रसाद पूर्व विधायक, सुनीता देवी पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सिंह, दिलीप विश्वास, विश्राम सिंह, कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला, बीके ठाकुर, कटिहार नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुतुल सिंह व रिंकू मिश्रा, बिमल सिंह बेगानी, शंकर सिंह अधिवक्ता, शाहनवाज खान,राज आनंद सिंह, अल्तमस दीवान, सांसद के निजी सचिव गुलाम मोहम्मद शहदुल हक, प्रो. विनोद यादव, शंभू शरण गुप्ता, प्रह्लाद गुप्ता, फिरोज अहमद कुरैशी, महिला अध्यक्ष आम्रपाली यादव, राजीव चाकी, मो मशरूर, निक्कू सिंह, डॉ बिपिन सिंह, मसूद रजा खान, राजा मिश्रा, जटा शंकर झा, अजित झा, सीबी सिंह, मन्नी पासवान, मो. इश्तियाक,भुवन अग्रवाल, संतोष यादव, अमित साह, पप्पू कश्यप, प्रीतम चक्रवर्ती, नवीन खंडेलिया, मुकेश साह, दामोदर चौबे, विश्वनाथ साह, योगेंद्र यादव, मिथिलेश सिंह, बेचैन पाण्डेय, मो रियाज, अरुण प्यासा, अमर तिवारी, निखिल सिंह, पंचानंद नायक, मेजर जमाल, मो असलम, मो आदिल, धनंजय ठाकुर, मो फिरोज मुतुन, मोहर्रम खान आदि नेताओं एवं कार्यकताओं ने

# सक्षम कटिहार इकाई की ओर से रक्तवीर किये गये सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम कटिहार इकाई की ओर से सदर अस्पताल परिसर के सिविल सर्जन सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है रहा कि रक्तदान सभी व्यक्ति करते हैं और सभी समाजसेवी संगठन व संस्थायें भी इसको बढ़-चढ़कर करते भी हैं। लेकिन रक्तदान करने के बाद रक्तदान करने वाले व्यक्ति को रक्त लेने के बाद कोई पूछता भी नहीं है। इसलिए दिव्यांगों के सशक्तिकरण हेतु समर्पित राष्ट्रीय संगठन "सक्षम" ने विश्व रक्तदाता दिवस के दिन उन व्यक्तियों को सम्मान करने का बीड़ा उठाया है, जो अपने जीवन में मानव सेवा एवं लोक कल्याण की भावना से प्रेरित होकर अधिक से अधिक बार स्वैच्छिक रक्तदान कर अनेक अमूल्य




जीवनों की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इसी कड़ी में डॉ. जितेन्द्र नाथ सिंह सिविल सर्जन सदर अस्पताल कटिहार, डॉ. के.के. मिश्रा नगर संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कटिहार, प्रो. प्रभु नारायण लाल दास जिला अध्यक्ष सक्षम कटिहार, अरूण कुमार चौधरी प्रांत कोषाध्यक्ष सक्षम उत्तर बिहार, डॉ. जयेन्द्र ज्ञानू, डॉ. अद्वेत मंडल व प्रो. दिलीप कुमार यादव सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आरडीएस. कॉलेज सालमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित व भारत माता पूजन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्र के द्वारा सम्मान भी किया गया। तत्पश्चात सक्षम के प्रांत कोषाध्यक्ष अरूण कुमार चौधरी द्वारा संगठन मंत्र, सक्षम दृष्टिकोण व परिकल्पना सभी आमंत्रित अतिथियों व आगुंतकों के साथ दोहराया गया. साथ ही "सक्षम" संगठन का परिचय व उद्देश्य भी अपने वक्तव्य से सभी को अवगत कराया। सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र नाथ सिंह कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में दिव्यांगों के साथ हमेशा तत्पर खड़ा रहने की इच्छा जाहिर की। नगर संघचालक डॉ. के.के. मिश्रा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रो. प्रभु नारायण लाल दास कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्षीय संबोधन में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को नमन किया।

कार्यक्रम में कटिहार के ग्यारह रक्तवीरों को "रक्तवीर प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र" के साथ सम्मान किया गया। जिसमें विभूति झा पिता स्व. देवेन्द्र नाथ झा पैंतीस बार, अभिनव कुमार ठाकुर पिता संजय कुमार ठाकुर तीस बार, पवन कुमार पोद्दार पिता अनिल पोद्दार अठ्ठाइस बार, सरदार अमर सिंह पिता स्व. सरदार धर्म सिंह व संतोष कुमार गुप्ता पिता नवल किशोर गुप्ता ने पच्चीस बार, विरेन्द्र कुमार पिता स्व. एसडी. राय इक्कीस बार, विक्की जायसवाल पिता स्व. दशरथ जायसवाल, विकास खंडेलिया पिता अजय कुमार खंडेलिया व राजन भगत पिता विजय कुमार भगत ने दस-दस बार साथ ही मातृशक्ति से किरण खंडेलिया पति अजय खंडेलिया ने तीन बार स्वैच्छिक रक्तदान किया है। मंच संचालन अरूण चौधरी ने किया। अंत में जिला सह सचिव योगेश पूर्वे ने धन्यवाद ज्ञापन व कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। प्रमुख श्रोताओं में अरविंद कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद् बिहार, सुमन कुमार झा अधिवक्ता जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कटिहार, प्रणव भगत नगर मंत्री विश्व हिन्दू परिषद् कटिहार व बजरंग दल के अनेकों बजरंगी स्वयंसेवक, प्रो. अमर नाथ पाठक, बासुदेव नायक, अवधेश कुमार देव, शिव शंकर रमानी, महेन्द्र झा, नंद किशोर प्रसाद, बिमल कुमार साहू, पिंकी कुमारी, ललिता देवी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक व अनेकों आगुंतकों ने अपनी उपस्थिति थे।

# टाटा की आईफोन फैक्ट्री हो सकती है बंद; हजारों नौकरियों पर संकट

## थलपति विजय सरकार के सामने बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु में हाल ही में सत्ता संभालने वाले मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय (थलपति विजय) की नई सरकार के सामने एक बड़ी औद्योगिक और पर्यावरणीय चुनौती खड़ी हो गई है। होसुर में स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की आईफोन कंपोनेंट्स (पुर्जे) बनाने वाली फैक्ट्री कानूनी और पर्यावरणीय विवादों में घिर गई है। राज्य के प्रदूषण नियामक ने आरोप लगाया है कि इस फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट जल के कारण आस-




पास के खेतों का भूजल यानी ग्राउंड वॉटर दूषित हो गया है। प्रदूषण बोर्ड ने संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर फैक्ट्री को जबरन बंद करने की कड़ी चेतावनी दी है। अगर ऐसा होता है तो हजारों लोगों की नौकरियों पर संकट आ जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक इस फैक्ट्री में कुल करीब 75000 लोग काम करते हैं।

तमिलनाडु में नौकरियों पर संकट का डर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की यह फैक्ट्री दक्षिण एशिया में ताइवान की फॉक्सकॉन के बाद एप्पल की दूसरी सबसे बड़ी सप्लायर है। इसमें हजारों स्थानीय लोग काम करते हैं। अगर प्रदूषण बोर्ड के इस नोटिस के बाद फैक्ट्री में काम रुकता है या बिजली काटी जाती है, तो सीधे तौर पर होसुर और आस-पास के हजारों युवाओं के रोजगार पर संकट आ जाएगा। आईफोन के बैक पैनल और अन्य पुर्जे बनाने वाली इस यूनिट में तालाबंदी होने से एप्पल की पूरी वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है, जिससे नई नौकरियों के सृजन पर भी ब्रेक लग सकता है। रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट के अनुसार, 2026 तक वैश्विक स्तर पर बनने वाले कुल आईफोन्स में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 26% होने का अनुमान है, जिसका एक बहुत बड़ा हिस्सा तमिलनाडु की फैक्ट्रियों से आता है। ऐसे में इस फैक्ट्री पर संकट आने से राज्य की औद्योगिक छवि को नुकसान पहुंच सकता है। महीनों की शिकायत के बाद हुई जांच होसुर प्लांट के पास स्थित कृषि भूमि के मालिकों ने तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लगातार शिकायत की थी कि फैक्ट्री का केमिकल युक्त गंदा पानी उनके खेतों और खुले कुओं को बर्बाद कर रहा है। शिकायतों के आधार पर दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच अधिकारियों ने पांच बार फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। 25 मई के नियामक नोटिस के अनुसार, टाटा ने परिसर के भीतर बने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पॉन्ड में दूषित पानी छोड़ दिया। यह तालाब ओवरफ्लो होकर साथ लगते खेतों और खुले कुओं के भूजल में मिल गया।

### सीएम के सामने बड़ा संकट

यह मामला मुख्यमंत्री थलपति विजय के लिए इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि एक तरफ उन पर स्थानीय किसानों के हितों और पर्यावरण की रक्षा करने का दबाव है, तो दूसरी तरफ राज्य में बड़े पैमाने पर युवाओं के रोजगार और वैश्विक निवेश को सुरक्षित रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में थलपति विजय के सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है।

## जब दूसरे की दी हुई पेन लौटा दी

# जेआरडी टाटा का पेन खो गया...डायरेक्टर ने देनी चाही तो समझा दिया जिंदगी का उसूल, दिल जीत लेगी ये कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप के तत्कालीन चेयरमैन टाटा और टाटा के सीनियर डायरेक्टर रोजाना बॉम्बे हाउस (टाटा ग्रुप का हेडक्वार्टर) में लंच के लिए मिलते थे। एक दिन लंच के लिए आए तो उदास थे क्योंकि उनका पसंदीदा पेन खो गया था। वे हमेशा पार्कर पेन का सेट साथ रखते थे। इसमें एक फाउंटेन पेन और एक बॉल पेन हुआ करता था। यह दिलचस्प कहानी रेलवेमैन, स्टोरीटेलर अनंत रुपानगुडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शेयर की है। अनंत रुपानगुडी रेलवे में प्रिंसिपल फाइनेंस एडवाइजर रहे हैं। उनके इस पोस्ट को कांग्रेस के दिग्गज नेता और विद्वान शशि थरूर ने भी शेयर किया है। जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा ने देश की उन्नति में अभूतपूर्व योगदान दिया था। वह 1938 से 1991 तक टाटा समूह के चेयरमैन रहे।

अनंत ने लिखा-जेआरडी बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा-हां, जमशेद, यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा मेरा खो गया था।' शुरू के एक-दो मिनट तक उन्होंने



उसे इस्तेमाल करके देखा। फिर, डॉ. ईरानी ने देखा कि छ्व्रऋ के चेहरे के भाव धीरे-धीरे बदल रहे थे। कुछ मिनटों के बाद उन्होंने वह बॉल पेन डॉ. ईरानी को वापस कर दिया और कहा-'इस ख्याल के लिए धन्यवाद। मुझे बिल्कुल यही चाहिए था, लेकिन मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता।' तब डॉ. ईरानी ने पूछा-क्यों...मुझे लगा कि आप इसी की तलाश में थे। मुझे पता होगा कि मैंने अपने सिद्धांतों के खिलाफ जाकर यह तोहफा स्वीकार किया। मुझे अफसोस है, लेकिन मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता। जवाब दिया-'हां, जमशेद। लेकिन मेरा एक उसूल है कि मैं काम पर अपने किसी भी साथी से कोई तोहफा नहीं लेता। अगर मैं ऐसा करता, तो मुझे पता है कि मेरे साथी एक-दूसरे से बेहतर करने की कोशिश में मुझे बहुत महंगे तोहफे देने लगते।' डॉ. ईरानी ने उन्हें मनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा-'लेकिन सर, किसी को पता नहीं चलेगा कि मैंने आपको यह पेन दिया है। आप कह सकते हैं कि यह आपको अपने कमरे में मिला। मैं जाकर यह नहीं कहूंगा कि मैंने को बिल्कुल वैसा ही पेन दिया है।' जमशेद, मुझे पता है कि तुम ऐसा कुछ नहीं करोगे। लेकिन मुझे तो पता होगा। मुझे पता होगा कि मैंने अपने सिद्धांतों के खिलाफ जाकर यह तोहफा स्वीकार किया। मुझे अफसोस है, लेकिन मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता।'

### जेआरडी टाटा ने कहा-देखो मेरा बॉल पेन खो गया

अनंत रुपानगुडी ने जेआरडी टाटा से जुड़े दिलचस्प किस्से को शेयर करते हुए लिखा-जेआरडी टाटा ने पसंदीदा पेन खोने पर उदास होकर कहा, 'देखो, मेरा बॉल पेन खो गया है। मुझे नहीं पता कि वह कहां गया। मैंने हर जगह ढूंढा... लेकिन वह मिल नहीं रहा है।' उस दिन लंच रूम में मौजूद डायरेक्टरों में से एक टाटा स्टील के डॉयरेक्टर जमशेद ईरानी भी थे। उन्होंने टाटा के पेन खोने की बात पर ध्यान दिया। कुछ हफ्ते बाद जब वे लंदन गए, तो सेल्फरिजेज के पास पेन की एक छोटी सी दुकान पर गए और उन्हें बिल्कुल वैसा ही बॉल पेन मिला जैसा खो गया था। उन्होंने तुरंत उसे खरीद लिया। अगली बार जब वे टाटा से मिले।

# जामनगर से पारादीप तक रूसी तेल की बाढ़

## भारत ने मॉस्को को थमाए 64000 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक दबावों के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने रूस से मिलने वाले रियायती कच्चे तेल की खरीद में एक बार फिर तेजी ला दी है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार मई महीने में भारत रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदने के मामले में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर बरकरार रहा।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट के मुताबिक मई में भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में अप्रैल की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह रूस से होने वाले आयात में आया 21 प्रतिशत का मासिक उछाल है। भारत ने मई में अनुमानित 5.8 अरब यूरो (करीब 64 हजार करोड़ रुपये) मूल्य के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया।

भारत ने क्या-क्या खरीदा रूस से

भारत की ओर से रूस से किए गए कुल आयात में सबसे बड़ा हिस्सा कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का रहा, जो कुल हिस्सेदारी का लगभग 83 प्रतिशत (4.8 अरब यूरो) था। इसके अलावा भारत ने 550 मिलियन यूरो मूल्य के तेल उत्पादों और 429 मिलियन यूरो मूल्य के कोयले का आयात किया। सरकारी क्षेत्र की रिफाइनरियों ने भी इस साल की शुरुआत में फिर से आयात शुरू करने के बाद अपनी खरीद का दायरा बढ़ाया है। न्यू मैंगलोर और विशाखापत्तनम रिफाइनरियों ने (जिन्होंने नवंबर 2025 के अंत में रूसी तेल का आयात रोक दिया था) मार्च में दोबारा खरीद शुरू करने के बाद मई में भी इसे जारी रखा। 13 प्रतिशत और विशाखापत्तनम में 42 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं, ओडिशा की पारादीप रिफाइनरी ने पिछले दो वर्षों में रूसी कच्चे तेल की अपनी सबसे बड़ी खेप अनलोड की। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद अमेरिका और यूरोप समेत पश्चिमी देशों की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों और व्यापारिक रुकावटों ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को पूरी तरह बदल दिया था। इसके बाद भारत रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े खरीदारों में से एक बनकर उभरा। ताजा आंकड़े बताते हैं कि हालांकि भारत मध्य पूर्व, अफ्रीका और अमेरिका से भी अपने तेल स्रोतों में विविधता ला रहा है, फिर भी देश के कुल क्रूड बास्केट में रूसी तेल की हिस्सेदारी बेहद मजबूत बनी हुई है।



### रिफाइनरियों में बढ़ी रूसी तेल की आवक

मई के दौरान भारत के कई बड़े रिफाइनिंग हब में रूसी कच्चे तेल की डिलीवरी में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी देखी गई। गुजरात की वाडिनर रिफाइनरी में अनलोड किए गए तेल की मात्रा में अप्रैल की तुलना में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जामनगर रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स में यह डिलीवरी 14 प्रतिशत बढ़ी चीन पहले स्थान पर वैश्विक स्तर पर रूसी कच्चे तेल के निर्यात में चीन 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पहले नंबर पर रहा। वहीं भारत 36 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद तुर्की (6%) और यूरोपीय संघ (5%) का स्थान आता है।

# देश में एलपीजी, तेल और खाद की कितनी कमी सरकार ने सब कर दिया क्लियर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान संकट के बीच केंद्र सरकार ने देशवासियों और किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में कच्चे तेल, एलपीजी, प्राकृतिक गैस और खेती के लिए जरूरी खादों (उर्वरकों) का पर्याप्त भंडार मौजूद है, इसलिए किसी भी तरह की किल्लत की कोई आशंका नहीं है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश को आश्वस्त किया कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि भारत के पास 60 दिनों से अधिक की खपत के लिए कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) और प्राकृतिक गैस का स्टॉक मौजूद है। वहीं इंदौर में ब्रिक्स कृषि बैठक के समापन के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को खाद की उपलब्धता और कीमतों को लेकर बड़ी राहत दी।

भारत ने घरेलू उत्पादन बढ़ाकर एलपीजी (रसोई गैस) के आयात पर अपनी निर्भरता को काफी कम कर लिया है। पहले जहां घरेलू उत्पादन 32,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन था, वह अब बढ़कर 54,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गया है। देश के पास फिलहाल 75 से 80 दिनों का एलपीजी स्टॉक उपलब्ध है। हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि मई 2022 से मई 2026 के बीच जहां दुनिया



भर में पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही थीं, वहीं भारत में कीमतों में 3.1% की गिरावट आई है। हाल ही में एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती से सरकारी खजाने पर 1 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ा, लेकिन आम जनता को राहत मिली। सरकार वैकल्पिक ईंधन पर तेजी से काम कर रही है। दिसंबर 2026 तक ई85 ईंधन पंपों की संख्या बढ़ाकर 500 और दिसंबर 2027 तक 5,000 करने का लक्ष्य है।

**खाद की कोई किल्लत नहीं:** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खरीफ और रबी फसलों के लिए देश में खाद की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने कहा कि चालू खरीफ सीजन के लिए देश में पर्याप्त खाद उपलब्ध है और आने वाले रबी सीजन के लिए भी अग्रिम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साथ ही वैश्विक स्तर पर कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद किसानों को यूरिया और डीएपी पुरानी रियायती दरों पर ही मिलती रहेगी। बढ़े हुए दामों का अतिरिक्त बोझ सरकार खुद उठाएगी।

### अल नीनो से निपटने की तैयारी

मानसून को प्रभावित करने वाले अल नीनो जलवायु प्रभाव पर बात करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने इससे निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही टिकाऊ खेती के लिए देश में जैविक और प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

# बिजली बिल बढ़ने से दिल्ली की इंडस्ट्री पर मुश्किलें

## यूपी और हरियाणा में शिफ्ट हो सकती हैं फैक्ट्रियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बिजली के बिलों में पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट की बढ़ोतरी को लेकर दुकानदारों और फैक्ट्री मालिकों की टेंशन बढ़ गई है। व्यापारी संगठन सीटीआई ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। दावा है कि इस बढ़ोतरी से हरियाणा और यूपी के अपेक्षा दिल्ली में कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। बिजली की नई दरें 10 जून से लागू हो चुकी है, जिसका असर जुलाई में आने वाले बिजली बिलों में दिखाई देगा। इंडस्ट्रीज के लिए बिजली की दरें पहले से ही पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तुलना में बहुत ज्यादा हैं। अब बिजली दरें और बढ़ने से दिल्ली की इंडस्ट्रीज पड़ोसी राज्यों



हरियाणा और उत्तर प्रदेश में शिफ्ट हो सकती हैं क्योंकि वहां बिजली की दरें और न्यूनतम मजदूरी दिल्ली की तुलना में सस्ती होने से लागत कम पड़ेगी। बृजेश गोयल ने कहा कि रेजिडेंशियल बिजली दरों में सब्सिडी मिलती है, लेकिन कमर्शियल और इंडस्ट्रीज में सब्सिडी नहीं मिलने से यहां बिजली की दरें हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तुलना में बहुत ज्यादा हो जाएंगी। इससे व्यापारियों और फैक्ट्री मालिकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और वस्तुओ के दाम बढ़ने की संभावना बढ़ेगी। अगर यहीं स्थिति रही तो कारोबारी अपना कारोबार हरियाणा या यूपी में शिफ्ट करने को मजबूर होंगे।

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने साफ किया कि कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि बिजली कानूनों के तहत पहले से लागू एक नियामक प्रावधान है। इसके जरिए बिजली वितरण कंपनियां ईंधन और बिजली खरीद की बढ़ी हुई लागत का एडजस्टमेंट करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट और अन्य अंतरराष्ट्रीय कारणों से पिछले एक महीने में बिजली खरीद की लागत में करीब 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# चीन+1 स्ट्रैटेजी भारत को दे रही अब तक का सबसे बड़ा मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ग्लोबल 'चीन+1' स्ट्रैटेजी से सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाले देशों में से एक के तौर पर उभरा है। कारण है कि मल्टीनेशनल कंपनियां चीन से बाहर मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन को फैलाने पर तेजी से फोकस कर रही हैं। यस सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसके मुताबिक, यह बदलाव भारत के लिए ग्लोबल वैल्यू चेन में अपनी स्थिति मजबूत करने और एक्सपोर्ट-बेस्ड ग्रोथ को तेज करने का शानदार मौका है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जियोपॉलिटिकल टेंशन, सप्लाई-चेन में रुकावट और किसी एक मैन्युफैक्चरिंग हब पर बहुत ज्यादा निर्भरता की चिंताओं ने ग्लोबल कंपनियों को दूसरे विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित किया है। चीन में बढ़ती मजदूरी और बढ़ती जियोपॉलिटिकल अनिश्चितता ने इस ट्रेंड को और तेज कर दिया है। इससे उन देशों के लिए मौके बन रहे हैं जो बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग इन्वेस्टमेंट को अपना सकते हैं। भारत तेजी से बना रहा है अपनी जगह अपनी बड़ी लेबर फोर्स, बढ़ते घरेलू बाजार और बेहतर होते मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के साथ भारत तेजी से खुद को उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में से एक के तौर पर स्थापित कर रहा है जो इस ग्लोबल बदलाव




का फायदा उठा सकती हैं। यस सिक्योरिटीज के अनुसार, देश एक अहम आर्थिक मोड़ पर है। इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटो कंपोनेंट्स में हालिया बढ़त इसकी बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को दिखाती है। यस सिक्योरिटीज के अनुसार, यह कॉम्बिनेशन लंबे समय तक चलने वाले मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट ग्रोथ साइकल की नींव रख सकता है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा

अलग-अलग सेक्टर्स में इलेक्ट्रॉनिक्स भारत के बदलते ट्रेड स्ट्रक्चर का सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाला सेक्टर बनकर उभरा है। रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि ऐपल और स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम ने इस सेक्टर को काफी हद तक इंपोर्ट पर निर्भर रहने की स्थिति से बदलकर देश के सबसे तेजी से बढ़ने वाले एक्सपोर्ट उद्योगों में से एक बना दिया है।

### इसलिए बढ़ी है भारत की अपील

रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त अरब अमीरात ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन के साथ भारत के हालिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और साथ ही यूरोपियन यूनियन और अमेरिका के साथ बातचीत मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन के तौर पर देश की अपील को मजबूत कर रहे हैं। ये एग्रीमेंट्स एक्सपोर्टर्स को टैरिफ के मामले में ज्यादा निश्चितता और बड़े बाजारों तक बेहतर पहुंच प्रदान करते हैं। पिछले ट्रेड एग्रीमेंट्स के उलट मौजूदा एफटीए साइकल को प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, पोर्ट्स, लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई-चेन लोकलाइजेशन पहलों के जरिए मजबूत घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ लागू किया जा रहा है।

## लोगों को मुश्किल समय में परखा जाता हैं', जब मस्क पर उठ रहे थे सवाल, तब आनंद महिंद्रा ने बढ़ाया था हौसला

**मुंबई, एजेंसी।** एलन मस्क ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया है जो कभी नामुमकिन लगता था। स्पेसएक्स के कैपिटल मार्केट में आने और उससे बनी भारी वैल्यू के कारण मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए हैं। जाहिर है, दुनिया की नजर इसी आंकड़े पर है। एक ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा ऐसा है जो सुर्खियां बटोरता है, बहस छेड़ता है और दुनिया का ध्यान खींचता है। हालांकि, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा का मानना है कि असली कहानी इस वैल्यूएशन से कहीं आगे की है। मैंने 2018 में एलन मस्क से संपर्क किया था क्योंकि इनोवेटर्स को अक्सर उनके सबसे मुश्किल समय में परखा जाता है, न कि उनके सबसे अच्छे समय में। उस समय जिसने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह थी उनकी हिम्मत और कभी न हार मानने की आदत। मस्क की इस कामयाबी पर बात करते हुए महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन ने इकोनॉमिक टाइम्स के साथ एक ऐसी बात साझा की जो इस मुकाम को लेकर मची हलचल से हटकर है। आनंद महिंद्रा ने बताया, 'मैंने 2018 में एलन मस्क से संपर्क किया था क्योंकि इनोवेटर्स को अक्सर उनके सबसे मुश्किल समय में परखा जाता है, न कि उनके सबसे अच्छे समय में। उस समय जिसने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह थी उनकी हिम्मत और कभी न हार मानने की आदत।' उन्होंने कहा, 'आज सुर्खियां ट्रिलियन-डॉलर के मुकाम के बारे में हैं। असली कहानी यह है कि उन्होंने कभी यह मानना नहीं छोड़ा कि आज जो नामुमकिन है, वह कल हकीकत बन सकता है।' यह याद दिलाता है कि असाधारण सफलता को अक्सर बाद में आंका जाता है, जबकि असाधारण भरोसे की परीक्षा असल समय में होती है।

# झारखण्ड में पायलटों की ट्रेनिंग शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 15 छात्रों को भुगतान के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चालू हो चुका है और इन्हें अभी ग्राउंड एक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। यहां सभी ट्रेनी पायलट कागजी पढ़ाई को पूरा करेंगे, जिसके बाद हवा में प्रशिक्षण शुरू होगा।

छात्रों को छात्रावास शुल्क के अलावा पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पांच किस्तों में 34.31 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। इसके अलावा परीक्षा के आधार पर 15 और छात्रों का चयन किया जाएगा जिन्हें अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

झारखंड कमर्शियल पायलट के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम एक जून से शुरू हो चुका है। इसके लिए चयनित छात्रों को दुमका स्थित स्टेट हैंगर में रखा गया है, जहां प्रारंभ में ग्राउंड एक्टिविटी के बारे में बताया जाएगा। प्रशिक्षण की शुरूआत हो चुकी है।

छात्रों को इसके लिए पांच चरणों में पूरा भुगतान करना होगा जो कि 34.31 लाख रुपये है। सभी छात्रों को निबंधन के समय 3.5 लाख रुपये देने होंगे जिसके बाद भुगतान के लिए अलग-अलग तारीख और शर्तें निर्धारित की जा चुकी हैं। इसके अलावा अन्य 15 प्रतिभाशाली छात्रों को सरकार की ओर से मुफ्त प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

छात्रों के चयन को लेकर परीक्षा के लिए अधिकृत एजेंसी झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने छात्रों के प्रमाणपत्रों की जांच के लिए पर्षद को ही अधिकृत करने की बात कही है।

ऐसा होने से कहीं कोई भ्रम नहीं रह जाएगा। फिलहाल सिर्फ परीक्षा कराने का दायित्व पर्षद के पास है। पर्षद का तर्क है कि प्रमाणपत्रों की जांच पर्षद के जिम्मे होने से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

# वज्रपात के डर से पेड़ से गिरे दो बच्चे, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा-गिरिडीह जिले के सीमावर्ती क्षेत्र घोसकेडीह गांव में शनिवार दोपहर हुई वज्रपात की दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को शोक में डूबो दिया।

जामुन खाने के लिए दोस्तों के साथ घर से निकले एक 10 वर्षीय छात्र की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र घायल हो गया।

मृतक की पहचान अभिनित उर्फ विशाल कुमार (10), पिता प्रकाश कुमार यादव, के रूप में हुई है। वहीं, इस हादसे में महेश यादव का 13 वर्षीय पुत्र सतीश यादव घायल हो गया। बताया जाता है कि शनिवार को स्कूल से घर लौटने के बाद विशाल ने यूनिफार्म तक नहीं बदली और अपने दोस्तों के साथ घर के पास स्थित जामुन के पेड़ पर फल तोड़ने चला गया।

इसी दौरान मौसम अचानक बदल गया। तेज गर्जना और चमक के साथ हुई वज्रपात की चपेट में



विशाल और सतीश आ गए। दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े।

घटना के समय वहां मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाकर परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में परिजन दोनों को मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

चिकित्सकों ने विशाल की हालत गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल, कोडरमा रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, घायल सतीश का प्राथमिक उपचार किया गया और हालत सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया। विशाल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## विद्युत संबंधी सूचनाओं के त्वरित प्रसार हेतु व्हाट्सएप चैनल प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** रविवार को उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेशानुसार आमजनों एवं विद्युत उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति से संबंधित सूचनाओं का त्वरित एवं प्रभावी प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चास विद्युत आपूर्ति प्रमंडल द्वारा नामक व्हाट्सएप चैनल प्रारंभ किया गया है।

इस चैनल के माध्यम से विद्युत आपूर्ति, अनुरक्षण कार्य, निर्धारित शटडाउन, आपातकालीन मरम्मत तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाई जाएंगी। इससे उपभोक्ताओं को समय पर प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध होगी तथा अनावश्यक भ्रम एवं अफवाहों पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

उपायुक्त ने जिले के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उक्त व्हाट्सएप चैनल से जुड़कर विद्युत सेवाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त करें तथा अन्य लोगों को भी चैनल से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

# लक्षणपुर डैम को विकसित करने की कवायद तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित लक्षणपुर डैम आने वाले दिनों में प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। जिला प्रशासन ने इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। उपायुक्त रवि आनंद ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल को विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके लिए आरडी स्पेशल द्वारा कंसल्टेंसी एजेंसी के चयन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

योजना के तहत लक्षणपुर डैम को प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का संगम बनाया जाएगा। यहां आने वाले पर्यटकों को ठहरने की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए गेस्टहाउस और काटेज का निर्माण किया जाएगा।

बोटिंग संचालन, खान-पान केंद्र, स्थानीय हस्तशिल्प और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से आसपास के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा जिले में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

साथ ही परिवार और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनने वाले सस्पेंशन ब्रिज का भी निर्माण प्रस्तावित है। जलाशय में बोटिंग की सुविधा विकसित कर पर्यटकों को रोमांचक अनुभव देने की तैयारी है।

इतना ही नहीं डैम का गहरीकरण और फेंसिंग का भी प्रस्ताव है। डैम में पानी का बहाव नदी एवं नालों से नहीं आता है। बल्कि एक मात्र स्रोत बरसात का पानी है। इसीलिए डैम का गहरीकरण और फेंसिंग की योजना बनाई जा रही है।

प्रस्तावित योजना के अंतर्गत डैम क्षेत्र का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जलाशय की क्षमता बढ़ाने के लिए गहरीकरण कार्य कराया जाएगा, जबकि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारों ओर फेंसिंग की व्यवस्था होगी।

# जिले के 310 शिक्षकों से जबाव तलब

## बायोमेट्रिक उपस्थिति में बरतते हैं कोताही ☐ विभाग की सख्ती से शिक्षकों में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर बायोमेट्रिक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों पर शिक्षा विभाग का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। राज्य स्तर पर हुई समीक्षा में कोडरमा जिले की ऑनलाइन उपस्थिति की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने के बाद जिला शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में मई माह के दौरान ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनाने अथवा कम दिनों की उपस्थिति दर्ज करने वाले जिले के 310 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जानकारी के अनुसार, मई माह में कुल 16 कार्यदिवस थे। समीक्षा में पाया गया कि 60 शिक्षकों ने एक भी दिन ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की। वहीं 250 शिक्षकों की उपस्थिति केवल 1 से 10 दिनों के बीच ही दर्ज हुई। मामले को गंभीर मानते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।दरअसल, हाल ही में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में कोडरमा जिले की ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था पर नाराजगी जताई गई थी। इसके बाद राज्य स्तर से जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए, जिसके तहत यह कार्रवाई शुरू की गई है।

हालांकि शिक्षकों का पक्ष भी सामने आया है। उनका कहना है कि मई माह में तीन दिनों का जनगणना प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसके अलावा एक दिन विभागीय परीक्षा भी हुई थी।

कई शिक्षक विशेष अथवा आकस्मिक अवकाश पर थे, जबकि कुछ शिक्षक जिला शिक्षा कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नेटवर्क और तकनीकी समस्याएं भी ऑनलाइन उपस्थिति में बाधा बनती हैं। शिक्षकों का कहना है कि सभी परिस्थितियों का समुचित आकलन किए बिना स्पष्टीकरण मांगना उचित नहीं है। शनिवार शाम तक अधिकांश शिक्षकों ने अपना जवाब विभाग को सौंप दिया है। अब सभी की निगाहें विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## म्यांमार की महिला भारतीय युवक संग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल।** भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाले मैत्री पुल के समीप हरैया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक म्यांमार की महिला और उसके साथ भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों नेपाल के रास्ते थाईलैंड जाने की तैयारी में थे। जांच के दौरान महिला की पहचान, दस्तावेज और भारत में निवास को लेकर कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं।

रक्सौल एसडीपीओ ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक भारतीय युवक विदेशी महिला के साथ नेपाल सीमा पार करने की कोशिश कर सकता है। इसके बाद हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया। कस्टम चौक के पास जांच के दौरान दोनों को रोककर पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहम्मद सद्दाम मंसूरी, पिता सिराजुल मंसूरी, निवासी रघुनाथ रसूलपुर, थाना मेजरगंज, जिला सीतामढ़ी बताया। उसके साथ मौजूद महिला को उसकी पत्नी बताया गया। हालांकि दस्तावेजों और पूछताछ में मिले तथ्यों के बाद मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस जांच में महिला की पहचान बुमा देवी, पिता मन बहादुर बसनेट, निवासी म्यित्कीना, यांगून (म्यांमार) के रूप में हुई। जांच के अनुसार दोनों की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। बाद में महिला भारत आई और दोनों ने विवाह कर लिया।

## बावन बूटी कला को मिला जीआई टैग

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बसवन बिगहा गांव की विश्वविख्यात बावन बूटी कला को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग मिलने के बाद इस पारंपरिक शिल्प को नई पहचान और नई उम्मीद मिली है। कभी राष्ट्रपति भवन से लेकर विदेशी राजदूतों तक अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने वाली बावन बूटी साड़ी बीते कुछ वर्षों से अस्तित्व के संकट से जूझ रही थी, लेकिन अब जीआई टैग ने इसके पुनर्जीवन की राह खोल दी है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने इसे नालंदा और बिहार के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक कला को नहीं, बल्कि पीढ़ियों से इसे जीवित रखने वाले बुनकर परिवारों की मेहनत और विरासत को मिला है। उन्होंने कहा कि अब चुनौती इस कला को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की है, ताकि बुनकरों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके।

बावन बूटी एक अनूठी बुनाई कला है, जिसमें सूती या तसर कपड़े पर हाथ 52 बूटियां बुनी जाती हैं। इसी कारण इसका नाम 'बावन बूटी' पड़ा।

# 10 से 15 प्रतिशत महंगी हुई जीवन रक्षक दवाईएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू समेत राज्य में जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों पर ईरान-अमेरिका युद्ध और पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ने का दोहरा असर देखने को मिल रहा है। इसके चलते जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और थायरायड जैसी बीमारियों की नियमित दवाएं महंगी होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। पहले जहां मरीज एक महीने की दवाएं एक साथ खरीद लेते थे, अब वे केवल दो सप्ताह की दवाएं ही खरीद पा रहे हैं। कीमतों में बढ़ोतरी का असर दवा कारोबारियों के मुनाफे पर भी पड़ा है।

केंद्र सरकार द्वारा दवाओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने के बावजूद दवाओं के एमआरपी में वृद्धि के कारण इसका लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच पा रहा है। 23 दिसंबर 2025 से लागू इस कटौती के बाद भी बढ़ी हुई एमआरपी के चलते मरीजों को राहत नहीं मिल रही है। वहीं पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ी है, जिससे दवा कारोबारियों के मार्जिन पर भी असर पड़ा है। कैंसर के उपचार में उपयोग होने वाले प्लेटिनम की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिससे सिस्प्लैटिन, कार्बोप्लाटिन और ऑक्सालिप्लाटिन जैसी दवाओं की उपलब्धता और कीमत दोनों प्रभावित हुई हैं। सितंबर 2025 में प्लेटिनम की कीमत 3869 रुपये प्रति ग्राम थी, जो अब बढ़कर लगभग 8000 रुपये प्रति ग्राम हो गई है।

इसके चलते दवा कंपनियां बढ़ी हुई लागत पर दवाएं उपलब्ध कराने में असमर्थता जता रही हैं। इन दवाओं की कीमत 100 रुपये से लेकर 5000 रुपये प्रति डोज तक है। साथ ही बुखार और सामान्य बीमारियों में उपयोग होने वाली पैरासिटामोल जैसी दवाओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# टावर पर चढ़ा सरफिरा युवक, जुटी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिलांतर्गत खरौंधी थाना क्षेत्र के खरौंधी बाजार में रविवार की सुबह उस समय अफरा, तफरी मच गई, जब एक सरफिरा युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक को टावर पर चढ़ते देख लिया और उसे टावर पर चढ़ने से मना किया। लेकिन सरफिरा युवक पर कोई प्रभाव नहीं हुआ। प्रत्यक्ष दर्शियों ने इसकी सूचना गांव वालों, उसके परिजनों तथा प्रशासन को दी। टावर पर चढ़ने वाले युवक बाजार निवासी भूखन बैठा के 20 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार बैठा बताया जा रहा है।

चर्चा है कि उसका एक लड़की के साथ प्रेम है। युवक उसी लड़की से विवाह करने की इच्छा जताते हुए टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़ने के बाद उसने अपनी मांग पर घंटों अड़ा रहा।

घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया। साथ ही खरौंधी बाजार के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य लोग भी युवक को समझाने-बुझाने में जुट गए। लेकिन वह अपने जिद पर कायम था।

हालांकि दिन के 11 बजे प्रशासन तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियो के काफी मान मनौवल के बाद युवक टावर से नीचे उतर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बार-बार एक ही बात दोहरा रहा था कि वह अपने प्रेमिका से शादी करना चाहता है। इस घटना की सूचना पर टावर के समीप सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। पूरे इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्रशासन द्वारा लगातार बातचीत कर उसे सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, एसआई सुरेंद्र दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष उपेंद्र दास, युवा नेता राजेश कुमार रजक तथा मुखिया पति कृष्णा प्रसाद के अथक प्रयास से युवक टावर से नीचे उतरा। इसके बाद पुलिस उक्त युवक को थाना ले जाकर पूछताछ कर रही है।

## देवघर एयरपोर्ट का होगा विकास

**देवघर।** देवघर हवाई अड्डा संथाल परगना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में विकसित हुआ है, जो झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों की बड़ी आबादी को सेवा प्रदान कर रहा है। इससे पांच सौ लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 15 जून 2026 को 'यात्री सुविधा दिवस' मनाया जा रहा है। देवघर हवाई अड्डे पर इस अवसर पर यात्रियों का स्वागत, छात्र भ्रमण, स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर, पौधारोपण तथा महिला कर्मचारियों एवं हाउसकीपिंग कर्मियों के सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगभग आठ हजार वर्गमीटर के नए प्रस्थान टर्मिनल, दो एयरोब्रिज युक्त विमान पार्किंग बे तथा विस्तारित कार पार्किंग के विकास की योजना बनाई गई है।

इसके पूर्ण होने पर पीक आवर यात्री क्षमता 540 से बढ़कर 1,200 तथा वार्षिक क्षमता 0.6 मिलियन से बढ़कर 1.75 मिलियन यात्रियों तक पहुंच जाएगी।

# बीडीओ सहित चार को कारण बताओ नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** डीईओ कंचन कुमारी भुदोलिया ने एसआईआर में रूचि नहीं दिखाने पर बीएलओ, सुपरवाईजर, बीडीओ और सीओ से शोकाज की मांग की है। उप निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से पौड़ैयाहाट प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण शनिवार को किया गया।

निरीक्षण के दौरान निर्वाचन संबंधी कार्यों, मतदाता सूची के अद्यतनकरण, प्रपत्रों के संधारण, बूथ स्तरीय गतिविधियों तथा निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान पोडैय़ाहाट के बूथ संख्या-39 के बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) द्वारा निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

वहीं, उप निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बीएलओ सुपरवाइजर को भी अपने कार्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने तथा निर्वाचन कार्यों के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया एईआरओ-सह-बीडीओ पौड़ैयाहाट तथा एडिशनल एईआरओ-सह-अंचलाधिकारी, पौड़ैयाहाट के द्वारा निर्वाचन संबंधी कार्यों के निष्पादन में अपेक्षित गंभीरता एवं रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर एईआरओ सह बीडीओ तथा पौड़ैयाहाट के अंचलाधिकारी को शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया गया है ।

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा निदेशों की अवहेलना स्वीकार्य नहीं होगी।

## एक करोड़ की ठगी करने वाला धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** बिहार में बढ़ते साइबर अपराध के खिलाफ जमुई साइबर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद्रदीप थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में छापेमारी कर एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहपुर निवासी आलोक कुमार के रूप में हुई है। पुलिसिया पूछताछ में आरोपी के पास से करीब एक करोड़ रुपये की भारी-भरकम साइबर ठगी से जुड़े चौंकाने वाले तथ्यों का खुलासा हुआ है। साइबर डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने सटीक इनपुट के आधार पर आरोपी आलोक कुमार को उसके घर से दबोच लिया। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी लंबे समय से अलग-अलग तरह की साइबर वित्तीय धोखाधड़ीकी वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अब उसके पूरे सिंडिकेट को खंगालने में जुट गई है।

# जल्द खुलेंगी दस मार्डन स्मार्ट लाइब्रेरी

## अत्याधुनिक सुविधाओं से होंगे लैस छात्रों को होगी विशेष सहुलियत

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

*__धनबाद।__ धनबाद में आने वाले कुछ महीनों में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस दस माडर्न स्मार्ट लाइब्रेरी बनेंगी। 24 घंटे सुविधा वाली इन सभी लाइब्रेरियों में वाई-फाई एवं 24 घंटे बिजली उपलब्ध रहेगी।*

*पूरे झारखंड में इस तरह की लाइब्रेरी नहीं होगी। ये निजी क्षेत्र की लाइब्रेरियों को भी मात देंगी। उपायुक्त आदित्य रंजन ने शनिवार को सिंफर सभागार में आयोजित पुस्तकालय से समाज तक : एक पहल कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा दस में से कुछ लाइब्रेरी अगले दो-तीन में शुरू हो जाएंगी। इनकी क्षमता 150 पाठकों की होगी। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में मास्टर सोबरन मांझी राज्य पुस्तकालय धनबाद की ओर से किया गया।*

*मुख्य अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन, सिंफर निदेशक प्रो.एके मिश्रा, एसएसएलएनटी की प्राचार्या डा.शर्मिला रानी, बीबीएमकेयू के परीक्षा नियंत्रक डा.धनंजय कुमार सिंह, डीईओ अभिषेक झा एवं डीएसई आयुष कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।*

*उपायुक्त ने कहा कि नई पीढ़ी का ध्यान भटकाने के लिए बहुत वस्तुएं हैं। अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने एवं एकाग्रता लाने के लिए हर छात्र को किताब से जुड़ना चाहिए। इसके लिए लाइब्रेरी सबसे उपयुक्त स्थल है।*

*पुस्तकों में ज्ञान का खजाना छिपा है। अच्छी पुस्तक पढ़कर अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं। व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। लाइब्रेरी का अपने आप में अलग महत्व है। इसलिए धनबाद में 10 माडर्न स्मार्ट लाइब्रेरी बन रही है। एक डिजिटल लाइब्रेरी भी बन रही है।*

*जिसमें इंटरनेट के अलावा सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसमें छात्रों को पढ़ने का अच्छा माहौल मिलेगा। उन्होंने कहा कि असफल होने पर कभी हताश नहीं होना है। लगातार प्रयास करते रहें। असफलता कुछ नया सीखाती है। प्रतिदिन अपनी प्रगति का आकलन करें। जीवन में कभी भी संघर्ष खत्म नहीं होता। जो संघर्ष नहीं करेगा वह पीछे रह जाएगा।*

*सिंफर के निदेशक प्रोफेसर एके मिश्रा ने कहा कि पुस्तकालय का महत्व पहले भी था और आज भी है। पुस्तक इंसान का श्रेष्ठ मित्र है। किताबों से मार्गदर्शन मिलता है। इसमें सच्चाई होती है। इसलिए हर छात्र-छात्रा को पुस्तकालय में जाना चाहिए। इंटरनेट मीडिया की सामग्री से दिग्भ्रमित नहीं होना चाहिए।*

*डीईओ अभिषेक झा ने कहा कि मास्टर सोबरन मांझी राज्य पुस्तकालय में एक साथ 300 लोगों के बैठने एवं पढ़ने की क्षमता है। लाइब्रेरी में 57 हजार से अधिक पुस्तकें उपलब्ध है।*

*यह वाई-फाई, सीसीटीवी सहित सभी आधुनिक संसाधनों से लैस है। भविष्य में इसमें और सुधार करने की योजना है। एसएसएलएनटी महिला कालेज की प्राचार्य शर्मिला रानी ने कहा कि संघर्ष ही सफलता की कुंजी है। जो संघर्ष करता है वही आगे बढ़ता है।*

*प्रो.धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि लक्ष्य से अधिक आवश्यक इसकी प्रक्रिया है। इसमें तमाम बाधाएं आएंगी, लेकिन भटकना नहीं है। इस अवसर पर लाइब्रेरी के पाठकों एवं छात्रों ने उपायुक्त से सवाल-जवाब भी किए।*

*समारोह के बाद छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय से जोड़ने के लिए उपायुक्त एवं सिंफर निदेशक ने जागरूकता रथ चलो चलें पुस्तकालय को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक घनश्याम दुबे ने किया। मौके पर एपीओ शंभू नाथ मिश्रा, डॉ.मीतू सिन्हा, मनोज कुमार शर्मा, राजीव चौधरी, रखाल मंडल, राहुल सिंह, गौरी शंकर, अमित रजक, राजीव कौशिक, कृष्णकांत महतो उपस्थित थे।*

# हाड़ी समाज पुराना स्टेशन ग्राम की नई कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

## पाजू हाड़ी अध्यक्ष तो शिवचरण हाड़ी बने सचिव, भव्य समारोह में ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** हाड़ी समाज पुराना स्टेशन ग्राम शाखा में रविवार को पगड़ी रस्म सह शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ो लोग और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित हुए। समारोह के दौरान सर्वसम्मति से चयनित नई ग्राम कमेटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा स्वर्गीय किशोरी हाड़ी के चित्रों पर पुष्पअर्पित कर उन्हें नमन करते हुए किया गया। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में पाजू हाड़ी को ग्राम शाखा का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा शिवचरण हाड़ी को सचिव, सिकन्द्र हाड़ी को कोषाध्यक्ष तथा बाबु हाड़ी को संगठन का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यकारिणी को मजबूती देने के लिए दिपक हाड़ी, चंदन हाड़ी, राजू हाड़ी, जितेन्द्र हाड़ी और बुनू हाड़ी को बतौर सक्रिय सदस्य टीम में शामिल किया गया है। सभी पदाधिकारियों ने समाज के गवाहों के सामने अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की कसम खाई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अखिल भारतीय हाड़ी विकास मोर्चा, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रूप कुमार हाड़ी ने कहा कि हमारा लक्ष्य हाड़ी समाज को सामाजिक,



शैक्षणिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से मजबूत और अधिकार संपन्न बनाना है। कहा वर्तमान समय में धनबाद जिले में 165 सक्रिय शाखाएं निरंतर कार्य कर रही हैं। पुराना स्टेशन ग्राम में पहले हमारी मजबूत शाखा संचालित थी, लेकिन कुछ समय से पद रिक्त होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था। आज सभी ग्रामीणों की आम सहमति और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर नया दायित्व सौंपा गया है जो समाज के उत्थान को नई गति देगा।

वहीं मौके पर उपस्थित समाज सेवी मनोज कुमार हाड़ी ने कहा कि हमारे पूर्वजों से चली आ रही सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को धरातल पर जीवित रखने के लिए युवा पीढ़ी को संगठन से जोड़ना अनिवार्य है। समाज में व्याप्त आर्थिक, सामाजिक और विशेष रूप से शैक्षणिक पिछड़ेपन को केवल शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है।

शपथ ग्रहण के बाद नव-मनोनीत ग्राम अध्यक्ष पाजू हाड़ी ने कहा मैं अपनी इस नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से स्वीकार करता हूं। कहा जिस प्रकार हमारे पूर्वज और हमारे वरिष्ठ गार्जियन समाज को एक सूत्र में पिरोकर आज तक लेकर आगे बढ़े हैं, उन्हीं के आदेशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए मैं भी इस समाज को एकजुट रखने और सही दिशा में आगे ले जाने का पूरा प्रयास करूँगा। समाज के हर तबके के विकास के लिए हमारी पूरी टीम सदैव तत्पर रहेगी।

# रोहित शर्मा ने रचा इतिहास



## बतौर ओपनर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16000 रन पूरे

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की शुरुआत दर्दनाक रही। पहले ही ओवर में अजमतुल्लाह ओमरजई को पुल शॉट लगाने के चक्कर में चोटिल हो गए। गेंद उनके कलाई पर लगी और वह दर्द से कराहते दिखे। दर्द से राहत मिलने के बाद रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों को धुन दिया। रन आउट होने से पहले उन्होंने 16 गेंद पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 16 रन बनाए। रोहित शर्मा ने इस पारी में पहला छक्का जड़ते ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। बतौर ओपनर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके 16000 रन पूरे हो गए। वह बतौर ओपनर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। वीरेंद्र सहवाग के उनसे ज्यादा रन हैं, लेकिन उन्होंने एशिया और आईसीसी एकादश के लिए ओपनिंग करते हुए रन बनाए हैं।

### सनत जयसूर्या शीर्ष पर

बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन सनत जयसूर्या के नाम है। उन्होंने 19 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। क्रिस गेल और डेविड वॉर्नर के 18 हजार से ज्यादा रन हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी डेसमंड हेंस, वीरेंद्र सहवाग और रोहित शर्मा के 16 हजार से ज्यादा रन हैं। सचिन तेंदुलकर, तमीम इकबाल और एलेस्टर कुक के 15 हजार से ज्यादा रन हैं।

### मोहिंदर अमरनाथ का तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार (13 जून) को धर्मशाला में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में इतिहास रच दिया। वह 50 ओवर के मैच में हिस्सा लेने वाले भारत के सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए। रोहित की उम्र अभी 39 साल और 44 दिन है। उन्होंने ने मोहिंदर अमरनाथ को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 39 साल और 36 दिन की उम्र में वनडे खेला था। अमरनाथ ने अपना आखिरी वनडे मैच 1989 में खेला था। यह माइलस्टोन रोहित के शानदार इंटरनेशनल करियर में एक और बड़ी कामयाबी है। वह



पहले ही भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल कप्तान और बल्लेबाज बन गए हैं। हालांकि, रोहित वनडे खेलने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय नहीं हैं।

### झूलन गोस्वामी के नाम है रिकॉर्ड

यह रिकॉर्ड भारत की पूर्व महिला तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम है, जिन्होंने 2022 में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 39 साल और 303 दिन की उम्र में अपना आखिरी वनडे खेला था। खास बात यह है कि किसी भी भारतीय क्रिकेटर ने 40 साल से ज्यादा उम्र में वनडेमें देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

**क्या रोहित 40 के बाद भी खेलेंगे**– रोहित के अगले साल भारत के लिए वनडे वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीद है। अगर वह टूर्नामेंट में खेलते हैं तो वह 40 साल की उम्र के बाद वनडे क्रिकेट खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन सकते हैं।

# शुभमन गिल नंबर 1

## धवन और कोहली को छोड़ा पीछे, ये हैं ODI में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में 66 गेंद पर नाबाद 84 रन बनाते हुए बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्हें इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। गिल ने इस पारी में अपने 3000 वनडे इंटरनेशनल रन भी पूरे किए। वह अब भारत के लिए सबसे कम पारियों के लिहाज से सबसे तेज 3000 वनडे रन बनने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने शिखर धवन और विराट कोहली जैसे धाकड़ खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है। वहीं हाशिम अमला दुनियाभर में सबसे तेज 3000 वनडे रन (पारियों के लिहाज से) बनाने वाले बल्लेबाज हैं। गिल इस मामले में दूसरे नंबर पर सिर्फ अमला से पीछे हैं। जबकि भारतीयों के मामले में शुभमन गिल नंबर 1 पर हैं। इस लिस्ट के टॉप 5 में केएल राहुल और नवजोत सिंह सिद्धू भी शामिल हैं।

### सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले भारतीय

**शुभमन गिल:** 62 पारी
**शिखर धवन:** 72 पारी
**विराट कोहली:** 75 पारी
**केएल राहुल:** 78 पारी
**नवजोत सिंह सिद्धू:** 79 पारी



### ODI में सबसे तेज 3000 रन (पारियों के लिहाज से)

- 57 पारी: हाशिम अमला
- 62 पारी: शुभमन गिल
- 67 पारी: शाय होप
- 67 पारी: फखर जमां
- 67 पारी: इमाम उल हक

शुभमन गिल के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने अभी तक भारत के लिए 62 वनडे इंटरनेशनल मुकाबलों की 62 पारियों में 3037 रन बनाए हैं। उनके नाम 8 शतक और 18 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 208 रन है। गिल का वनडे में औसत 57.30 और स्ट्राइक रेट 99.63 है। 2019 में वनडे डेब्यू करने के बाद आज यह खिलाड़ी भारतीय टीम का कप्तान बन चुका है और उनके निशाने पर है वनडे वर्ल्ड कप 2027 की ट्रॉफी।



## गुरबाज का 48 गेंदों पर शतक

### अफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ने से चूके अफगानिस्तान के लिए सबसे तेज सैकड़ा

भारत के खिलाफ पहले वनडे में शनिवार (13 जून) को रहमानुल्लाह गुरबाज ने 48 गेंदों पर ताबड़तोड़ शतक जड़कर अफगानिस्तान को संकट से उबारा। गुरबाज ने भारत के खिलाफ दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले अफगानिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बने। अफगानिस्तान के लिए वनडे में सबसे तेज शतक जड़ने का रिकॉर्ड उनके नाम हो गया। धर्मशाला में बारिश से प्रभावित मैच में अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिला। 25-25 ओवर के मैच में अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने 5 ओवर के अंदर 26 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। ऐसा लग रहा था अफगानिस्तान की सस्ते में निपट जाएगी, लेकिन गुरबाज ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के साथ चौथे विकेट के लिए 66 गेंद पर 116 रन जोड़ दिए।

**गुरबाज का मील का पत्थर-** रहमानुल्लाह गुरबाज का यह 9वां वनडे शतक है – अफगानिस्तान के लिए सर्वाधिक। अगले सर्वाधिक शतक इब्राहिम जादरान और मोहम्मद शहजाद के नाम हैं – दोनों के 6-6 शतक।

### एबी डिविलियर्स को पीछे छोड़ा

इस साझेदारी में गुरबाज का योगदान 38 गेंद पर 82 रन का था। शाहिदी ने 28 गेंद पर 27 रन बनाए। गुरबाज ने इस पारी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जेम्स फॉल्कनर, एबी डिविलियर्स और माइकल ब्रेसवेल को पीछे छोड़ा। तीनों ने भारत के खिलाफ 57 गेंद पर शतक जड़ा है। सबसे तेज शतक शाहिद अफरीदी के नाम है। उन्होंने 2005 में कानपुर में 45 गेंद पर शतक जड़ा था।

### गुरबाज ने 8 साल का सूखा खत्म किया

गुरबाज ने धर्मशाला में शतक जड़कर 8 साल का सूखा खत्म किया। वह भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले अफगानिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले मोहम्मद शाहजाद ने 2018 में 124 रनों की पारी खेली थी। अफगानिस्तान के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बनकर गुरबाज ने शाहजाद और करिम सादिक का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों ने 72 गेंद पर शतक जड़ा। गुरबाज का यह वनडे में 9वां शतक था। वह अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यागा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन

## सिंधु सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं, भारत का अभियान समाप्त

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में शनिवार को हार के साथ भारतीय स्टार पीवी सिंधु का 2026 सीजन में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने का सपना अधूरा रह गया। ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु को मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची के हाथों 20-22, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन फिर यामागुची ने मैच पर पकड़ बनाते हुए मुकाबला 43 मिनट में अपने नाम किया। इसी के साथ यामागुची ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह बना ली। वर्ल्ड नंबर 10 सिंधु के लिए यह सीजन में एक और करीबी हार थी। जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, ऑस्ट्रेलियन ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर इस साल उनका दूसरा सेमीफाइनल था।

पहले गेम में वैसा ही मुकाबला देखने को मिला, जिसकी फैंस को उम्मीद थी। सिंधु ने शुरुआती कुछ रैलियों में दबदबा बनाए रखा और मिड-गेम ब्रेक तक मामूली बढ़त हासिल की। हालांकि, यामागुची ने लगातार 6 प्वाइंट्स जीतकर मैच का रुख अपनी ओर मोड़ लिया।

### कतर को स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ मिला ऐतिहासिक अंक

## ब्राजील को मोरोक्को ने ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के तीसरे दिन पहले दो मुकाबलों में कोई नतीजा नहीं निकल पाया। कतर ने मजबूत स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपना ऐतिहासिक अंक हासिल किया। कतर को फीफा वर्ल्ड कप में पहली बार अंक मिला है। यह मुकाबला ड्रॉ होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। जबकि दूसरे मुकाबले में मोरोक्को ने ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। 14 जून को खेले गए मुकाबले में सैन फ्रैंनसिस्को का स्टेडियम तब गूंज उठा जब स्टॉपेज टाइम में कतर के कप्तान बोआलेम खौखी ने बेहतरीन हेडर लगाया और स्कोर स्विट्जरलैंड की बराबरी पर पहुंचा दिया। इसके बाद कतर को मिला फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास का पहला अंक। ग्रुप बी के इस मुकाबले में स्विट्जरलैंड को ब्रील एम्बोलो की पेनल्टी से पहले हाफ में ही लीड मिल गई थी। इसके बाद कतर ने बेहतरीन डिफेंस दिखाया। अंत में यह मुकाबला 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ और दोनों टीमों को एक-एक अंक शेयर करना पड़ा।



### विनीसियस ने ब्राजील को हार से बचाया

24 साल से अपने छठे फीफा खिताब का इंतजार कर रही ब्राजील इस मैच में लंबे समय तक पिछड़ती दिख रही थी। उसके बाद न्यू जर्सी में क्राउड तब झूम उठा जब विनीसियस जूनियर ने बेहतरीन गोल दागा और ब्राजील को इस मैच में बराबरी पर ला दिया। उसके बाद अंत तक कोई भी टीम एक भी गोल नहीं कर पाई और मुकाबला 1–1 से ड्रॉ हो गया। अब ब्राजील अगले मैच में हैती का सामना करेगी और मोरोक्को की भिड़ंत स्कॉटलैंड से होगी।



## 6 चौके, 7 छक्के, 70 गेंद, 104 रन

### अर्जुन तेंदुलकर का टी20 मुंबई में प्रदर्शन, बेहतरीन इकॉनमी से झटके 7 विकेट

**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर को आईपीएल 2026 में भले ही एक मैच में खेलने का मौका मिला था, लेकिन वहां भी इस खिलाड़ी ने अपनी बॉलिंग स्किल से सुर्खियां बटोरी थीं। उसके बाद मुंबई की लोकल टी20 लीग में जूनियर तेंदुलकर ने कमाल का प्रदर्शन किया है। अर्जुन एक बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और उन्होंने गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में अभी अपनी एक-दो पारियों से इस लीग में सुर्खियां बटोरीं।



अर्जुन तेंदुलकर के बल्ले से इस टूर्नामेंट में 70 गेंद पर 104 रन निकले। उन्होंने छह पारियां इस लीग में खेलीं और 6 चौके व 7 छक्के उनके बल्ले से निकले। उन्होंने कई मौकों पर अपनी उपविजेता टीम आर्क्स अंधेरी के लिए नंबर 3 पर भी बल्लेबाजी की। उनका सर्वोच्च स्कोर 66 रन रहा। उनकी यह अर्धशतकीय पारी इस टूर्नामेंट में चर्चा का विषय रही।

**गेंदबाजी में छाए जूनियर तेंदुलकर-** अर्जुन तेंदुलकर ने गेंदबाजी से एक बार फिर जादू बिखेरा है। अर्जुन ने टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले लेकिन 6 पारियों में उन्होंने गेंदबाजी की। खास बात यह है कि इस दौरान टी20 फॉर्मेट वाली इस लीग में अर्जुन की इकॉनमी 8 से भी कम रही। उन्होंने 6 पारियों में कुल 21 ओवर डाले और 7.95 की इकॉनमी से रन देते हुए 7 विकेट झटके। उनका इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी औसत 23.86 और स्ट्राइक रेट 18.00 रहा। 11 रन देकर 3 विकेट इस लीग में उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन था।

## अंधेरी को हरा मराठा रॉयल्स ने जीता खिताब

### ये हैं टी20 मुंबई लीग के टॉप-5 बल्लेबाज और गेंदबाज

**नई दिल्ली।** टी20 मुंबई लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में एमएससी मराठा रॉयल्स को एआरसीएस अंधेरी ने 8 रनों से हराकर खिताब जीता। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में एआरसीएस अंधेरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एमएससी मराठा रॉयल्स ने चिन्मय राजेश सुतार की अर्धशतकीय पारी के दमपर 5 विकेट पर 154 रन बनाए। एआरसीएस अंधेरी की टीम 155 रनों के लक्ष्य के जवाब में 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन ही बना पाई। दिव्यांस सक्सेना की 51 रनों की पारी पर पानी फिर गया। मुशीर खान, अर्जुन तेंदुलकर और कप्तान शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज नहीं चल पाए।



# पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई

**कहा : केंद्र सरकार 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाती है**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने रविवार को बोकारो में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को रेखांकित किया। बोकारो निवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और भारत का मान-सम्मान दुनिया भर में बढ़ा है। श्री मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार देश की 140 करोड़ से अधिक आबादी की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती है। सरकार की नीतियां केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भविष्य के भारत को ध्यान में रखकर तैयार की जाती हैं। उन्होंने कहा कि विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण को केंद्र में रखकर सरकार लगातार कार्य कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने विशेष रूप से किसानों, गरीबों और साधनविहीन वर्गों के लिए संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इन वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी सरकार इसी सोच के साथ जनहितकारी योजनाएं बनाती और लागू करती रहेगी। श्री मुंडा ने कहा कि वे स्वयं मोदी सरकार की कार्यप्रणाली के साक्षी रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं, निर्णय प्रक्रिया और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को नजदीक से देखा और समझा है। उनके अनुसार, सरकार का हर निर्णय देश और समाज के व्यापक हित को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश के लिए स्वर्णिम काल साबित हुए हैं। इस अवधि में बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण, आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। श्री मुंडा ने कहा कि सरकार के प्रयासों से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हुआ है और भारत एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे पूर्व श्री मुंडा का भाजपाइयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसमें कार्यकताओं सहित पूर्व विधायक बिरंची नारायण, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शामिल रहे।

# तेल व ईंधन की बचत के पीएम मोदी के आह्वान को जन जन पहुंचाने का भाजपा महिला मोर्चा ने उठाया बीड़ा

**कम तेल और कम ईंधन की खपत से बने स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन का किया प्रदर्शन**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की के आह्वान पर वैश्विक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के द्वारा एक जन जागरण अभियान चलाया गया। 'कम तेल की थाली-स्वस्थ भारत की खुशहाली' अभियान के अंतर्गत बोकारो में भोजन प्रदर्शनी लगाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बहनों ने खुद के हाथों से कम तेल और कम ईंधन के खपत से बना व्यंजन बना कर मातृशक्ति पौष्टिक, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का प्रदर्शन कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विकसित भारत के लक्ष्य में महिलाएं खुद स्वस्थ रहने के साथ साथ परिवार के स्वस्थ और समाज के स्वस्थ के साथ भारत के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया। यह अभियान केवल भोजन बनाने की विधि नहीं, बल्कि कम खाद्य तेल और ईंधन के बचत से स्वास्थ्य की रक्षा, और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। आइए, हम कम तेल अपनाएं ईंधन बचाएं और स्वास्थ्य को बढ़ाएं, 'कम तेल की थाली, देश की खुशहाली' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मति आरती राणा, कार्यक्रम की प्रभारी और प्रदेश मंत्री मति रमा सिन्हा, बोकारो जिला अध्यक्ष मति गिरिजा, सरिता देवी,प्रीति गुप्ता, सुनीता देवी, दयावती देवी ,नीतू सिंह, सरोजनी देवी, मंजू सिंह, भारती देवी, अंजू देवी, राधा देवी, गरिमा देवी, अनीता गुप्ता, सरिता वर्मा, पूनम पांडे, गरिमा देवी, सुनीता प्रसाद ,अनीता देवी, उर्मिला देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद में पति ने की पत्नी का गला रेतकर हत्या की कोशिश, स्थिति नाजुक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र से पति-पत्नी के विवाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पांडरपल्ला न्यू इस्लामपुर स्थित अलहबीबी मैरिज हॉल में काम करने के दौरान एक महिला पर उसके ही पति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि झरिया चौथाई कुल्ही निवासी मेंहदी खातून अपने पति शहजाद उर्फ खैरु के साथ मैरिज हॉल में खाना बनाने का काम करती थी। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और आरोपी पति अक्सर महिला के साथ मारपीट करता था। बीती रात भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। रविवार सुबह जब महिला मैरिज हॉल की ऊपरी मंजिल पर अकेले काम कर रही थी, तभी उसका पति वहां पहुंचा और अचानक उसके गले पर धारदार ब्लेड से वार कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल महिला को वहां मौजूद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल एसएनएमएमसीएच पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद भूली ओपी पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। भूली ओपी प्रभारी विश्वजीत ठाकुर के अनुसार पति-पत्नी मूल रूप से बोकारो जिला के निवासी है, यहां झरिया में रहकर पांडरपल्ला स्थित अलहबीबी मैरिज हॉल में खाना बनाने का काम करते थे। उन्होंने बताया कि पारिवारिक विवाद में हुई इस घटना के आरोपी पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पत्नी से विवाद के बाद नदी में कूदा होमगार्ड जवान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब महिला थाना में चल रही पारिवारिक काउंसलिंग के दौरान एक होमगार्ड जवान अचानक गुस्से में आकर गरगा नदी में कूद गया। हालांकि पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से उसकी जान बचा ली गई। जवान को नदी से निकालकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना सेक्टर-1 स्थित महिला थाना की है। जानकारी के अनुसार तेलो निवासी होमगार्ड जवान बादल महली अपनी पत्नी के साथ चल रहे वैवाहिक विवाद को लेकर काउंसलिंग के लिए महिला थाना पहुंचा था। काउंसलिंग के दौरान किसी बात को लेकर वह अचानक नाराज हो गया और वहां से भागते हुए जेवियर स्कूल के पीछे स्थित गरगा नदी की ओर चला गया। देखते ही देखते बादल महली ने नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास और महिला थाना प्रभारी मीरा लकड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिसकर्मियों ने तत्काल राहत अभियान चलाते हुए जवान को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार समय रहते बचाव हो जाने के कारण उसकी जान बच गई और फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान को आज रवाना होगा प्रचार वाहन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित अभियान के तहत सोमवार को जागरूकता प्रचार वाहनों को रवाना किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत झारखंड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन, रांची से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दोपहर 2.15 बजे जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके उपरांत बोकारो जिले में भी जागरूकता प्रचार वाहनों को रवाना किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बाद सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा अपराह्न 3:30 बजे समाहरणालय परिसर से जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों, नशे से होने वाली सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं तथा नशामुक्त जीवन के महत्व के बारे में जागरूक करेगा। अभियान के तहत प्रचार वाहन में एलईडी स्क्रीन एवं जन-जागरूकता सामग्री का उपयोग किया जाएगा। इसके माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित संदेश, लघु फिल्में एवं जागरूकता वीडियो प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि अधिकाधिक लोगों तक अभियान का संदेश पहुंच सके।

# जायसवाल महिला समिति की बैठक संपन्न, महिलाओं के सशक्तिकरण पर हुई चर्चा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जायसवाल समाज (सर्ववर्गीय) बोकारो के तत्वावधान में जायसवाल महिला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बुद्ध विहार के सभागार में समाज के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने कहा कि हमारे समाज की सभी उपजातियों—शौंडिक, ब्याहुत एवं कलवार वर्ग—की महिलाओं को शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से जागरूक एवं सशक्त बनाना समय की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध होंगी, तब वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इससे महिलाओं का सम्मान, आत्मविश्वास तथा सामाजिक सहभागिता भी बढ़ेगी। महिला समिति की संयोजक प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ क्षमा भारती ने कहा कि इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए महिलाओं को संगठन के माध्यम से विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना होगा। सामूहिक प्रयास, सहयोग एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज की महिलाओं को नई दिशा प्रदान की जा सकती है तथा उन्हें सफलता के नए अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी महिलाओं के सहयोग, सहभागिता एवं समर्पण से जायसवाल महिला समिति समाज में एक सशक्त एवं प्रेरणादायी संगठन के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगी। बैठक में महिला समिति के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों, महिलाओं के कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक सहभागिता बढ़ाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर छाया जायसवाल, कविता जायसवाल, शीला जायसवाल, वंदना जायसवाल, रीता जायसवाल, शिखा जायसवाल, पुष्पा देवी, श्वेता जायसवाल,आभा भारतीय, कमलेश जायसवाल, ज्ञानचंद जायसवाल, तारिणी जायसवाल, नवनीत गुप्ता, दिलीप कुमार, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# बिना लाइसेंस चल रही उर्वरक-बीज दुकान पर कृषि विभाग का शिकंजा, प्रतिष्ठान सील



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले में किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को बलियापुर क्षेत्र में जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में उर्वरक, बीज और कीटनाशी दुकानों की जांच के दौरान एक प्रतिष्ठान में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित दुकान में बिना वैध लाइसेंस के उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी का विक्रय किया जा रहा था। प्रथम दृष्टया मामला उर्वरक, बीज और कीटनाशकों की कालाबाजारी तथा जमाखोरी से जुड़ा प्रतीत होने पर कृषि विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया। यह कार्रवाई फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985, सीड एक्ट और इंसेक्टिसाइड एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है। विभाग ने दुकान पर नोटिस चस्पा कर संचालक को 24 घंटे के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग का कहना है कि निर्धारित समय के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित अधिनियमों के तहत आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिले भर में जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। कृषि विभाग की इस कार्रवाई से जिले के उर्वरक, बीज और कीटनाशी विक्रेताओं में हड़कंप है।

# स्कूल की छत के ऊपर से पार हो रहा है बिजली का तार, दुर्घटना की आशंका

**बांस, पेड़ और मकानों के सहारे घरों तक पहुंच रही बिजली**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिजली लोगों के घरों को रोशन करने के लिए होती है, लेकिन चास प्रखंड के रीतुडीह पंचायत में यही बिजली अब लोगों के लिए खतरे की वजह बनती जा रही है। यहां कई जगहों पर बिजली के नंगे तार मकानों की छतों के ऊपर से गुजर रहे हैं, जबकि कुछ परिवार बांस, पेड़ और छतों का सहारा लेकर अपने घरों तक बिजली पहुंचाने को मजबूर हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिवनडीह की है। स्कूल भवन के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों ने बच्चों और शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चे अक्सर खेलते-खेलते स्कूल की छत पर चले जाते हैं। ऐसे में जरा सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं, लेकिन आज तक उनके घरों तक सुरक्षित ढंग से बिजली पहुंचाने के लिए पर्याप्त पोल और तार की व्यवस्था नहीं की गई। मजबूरी में लोगों ने अपने स्तर पर अस्थायी इंतजाम कर बिजली कनेक्शन लिया हुआ है। रीतुडीह ही नहीं, बल्कि लेबर हाउसिंग कॉलोनी, झोपड़ी कॉलोनी और आसपास के कई इलाकों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। जगह-जगह लटकते तार और असुरक्षित कनेक्शन लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में कभी-कभी बिजली विभाग का कार्यालय भी संचालित होता है, इसके बावजूद वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। लोगों ने विभाग से तत्काल नए पोल लगाने, नंगे तारों को सुरक्षित करने और स्कूल के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसी दिन यह लापरवाही बड़े हादसे का रूप ले सकती है। फिलहाल रीतुडीह के लोग रोशनी तो पा रहे हैं, लेकिन हर पल एक अनहोनी के डर के साए में जीने को मजबूर हैं।

# विश्व मतदाता दिवस पर नेताजी स्पोर्टिंग क्लब ने लगाया महारक्तदान शिविर

**मरीजों के लिए 35 यूनिट रक्त संग्रह**




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नेताजी स्पोर्टिंग क्लब, रेंगुनी भूली की और से एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से एक महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस रक्तदान शिविर का उदघाटन एसजेएएस हॉस्पिटल के निर्देशक शिवेन्द्र सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के बाघमारा प्रभारी अबोध नारायण प्रसाद भी उपस्थित थे । उन्होंने अपने संबोधन में कहा की आज इस महान काम में हमें भागीदारी मिली जिससे हम अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं। साथ ही साथ नेताजी क्लब भूली के सभी कार्यकर्त्ता के प्रति आभार प्रकट करते हैं क्युंकि उन्होंने इस पुनीत काम में सेवा करने का मौका दिया। इस महा रक्तदान शिविर में 35 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।सभी रक्तदाताओं को नेताजी स्पोर्टिंग क्लब रेंगुनी भूली की ओर से आभार प्रकट किया गया एवं संगठन की ओर से उनके इस सहभागिता के लिए धन्यवाद दिए।साथ ही इस कार्यक्रम में धनबाद के कुछ विशेष संगठन के कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया जिसमे मुख्य रूप से झारखण्ड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की और से भवानी बन्दोंपाध्यय, नव संकल्प मंच की ओर से पंकज कुमार सिंह, मानस रंजन पॉल, मनमोहन सिंह, मानवाधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड की ओर से सुदिस्ट कुमार एवं संगीत सिंह, भूली ब्लड डोनर ग्रुप की ओर से रवि सिंह, शकुंतला देवी एजुकेशन सोसाइटी से नीरज शर्मा को सम्मानित किया गया। एस जे एएस हॉस्पिटल की ओर से नेताजी सपोर्टिंग की ओर से सम्मानित किया गया एवं हॉस्पिटल की ओर से भविष्य में इस तरह का रक्तदान शिविर कराने का भरोसा दिया गया। हॉस्पिटल की ओर से प्रशासक सत्यम सहानी आशुतोष, सुदीप पांडेय, मंजीत, दुर्गा, विश्वजीत, ओम पांडेय एवं सनाउल, अनिल, रुक्सार उपस्थित थे।

**महिला काव्य मंच की काव्य गोष्ठी सम्पन्न : बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी अध्यक्ष काजल भलोटिया की अध्यक्षता में ऑनलाइन सम्पन्न हुई । स्वागत भाषण अध्यक्ष काजल भलोटिया द्वारा दिया गया । कार्यक्रम के रूपरेखा की विस्तृत जानकारी विशिष्ट अतिथि रेणुका सिन्हा ने दिया तथा मुख्य अतिथि शीला तिवारी ने अपनी प्रेरणादायक शब्दों से सबका मनोबल भी बढ़ाया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रोटरी क्लब चास एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स ने लगाया रक्तदान शिविर




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर ह्यूमैनिटी सेवियर्स एवं रोटरी क्लब चास के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस ब्लड बैंक, बोकारो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया जिसमें रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। ब्लड मैन सलूजा ने अपने जीवन का 58वां रक्तदान किया। वहीं 56 वर्षीय रोटेरियन शैल रस्तोगी ने अपना पहला रक्तदान किया। शिविर के नेतृत्वकर्ता एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा ने कहा की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रोटरी क्लब चास एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर ब्लड बैंक में रक्त मुहैया कराया जाता है। हमारी संस्था का यही प्रयास रहता है की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए कभी भी रक्त की कमी ना हो। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब चास हमेशा सामाजिक दायित्व के तहत समाज में अनेकों जरूरतमंदों के बीच अपनी सेवा देती रहती है, उसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। डिंपल कौर ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा देवदूत हैं। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि समाज के सभी लोगों को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविरों का आयोजन कर ब्लड बैंक में भरपूर मात्रा में रक्त उपलब्ध कराना चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद की जान रक्त की कमी से न जाने पाए। शिविर में रोटेरियन श्वेता रस्तोगी, रोटेरियन गौरव रस्तोगी, रोटेरियन मनजीत सिंह, रोटेरियन आनंद अग्रवाल, रोटेरियन शेशांक अग्रवाल समेत अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में रोटेरियन अमन मल्लिक, रोटेरियन कुमार अमरदीप, रोटेरियन संजय रस्तोगी, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, माया राय, श्यामल ठाकुर, तेजिंदर सिंह एवं रेड क्रॉस ब्लड बैंक के राजकुमार सहित पूरी टीम का मुख्य रूप से सहयोग रहा।

# अस्मिता साइक्लिंग सिटी लीग : कोयला नगर की सड़कों पर दौड़ी बेटियों की रफ्तार

**खेलो इंडिया के तहत आयोजित प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग की छात्राओं ने दिखाया दमखम**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के कोयला नगर में रविवार को खेल और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। खेल मंत्रालय और अस्मिता खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "अस्मिता साइक्लिंग सिटी लीग 2026" में जिले भर की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों—जूनियर और सीनियर—में आयोजित किया गया था। जूनियर वर्ग में स्कूली छात्राओं और उभरती साइक्लिस्टों ने हिस्सा लिया, जबकि सीनियर वर्ग में बड़ी और अनुभवी प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। हरी झंडी मिलते ही प्रतिभागियों ने तेज रफ्तार और शानदार संतुलन के साथ साइकिल दौड़ शुरू की। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं के जोश और प्रदर्शन ने मौजूद दर्शकों और खेल प्रेमियों को खासा प्रभावित किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को मंच पर मौजूद धनबाद विधायक राज सिन्हा ने पुरस्कृत किया। धनबाद डिस्ट्रिक्ट साइक्लिंग एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट भवानी बंगोपाध्याय ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य जिले की बेटियों को खेल और विशेष रूप से साइक्लिंग के प्रति प्रेरित करना है, ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। आयोजकों के अनुसार, ऐसे ग्रासरूट स्तर के खेल आयोजन नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ खेल संस्कृति को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों का विशेष ध्यान रखा गया, जबकि अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK